
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



द केरल स्टोरी 2 पर भड़के ....... | काम पर की वापसी ........

वर्ष : 12 | अंक : 63 | लखनऊ, 24 फरवरी, मंगलवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### बिहार के आईजी सुनील नायक गिरफ्तार

**पटना।** आंध्र प्रदेश पुलिस की टीम ने बिहार अग्निशमन विभाग के महानिरीक्षक (आईजी) सुनील कुमार नायक को पटना में उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया। उन्हें आंध्र विधानसभा के वर्तमान उपाध्यक्ष के. रघुराम कृष्ण राजू को पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में हिरासत में कथित रूप से यातना दिए जाने के मामले में अरेस्ट किया।



### कांक्रीट का स्लैब गिरने से 3 मजदूरों की मौत

**कोझिकोड।** केरल में कोझिकोड के वलियांगडी क्षेत्र में सोमवार को कांक्रीट का एक स्लैब गिर जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना तब हुई जब जब्बार, अशरफ और बशीर वलियांगडी स्थित एक दुकान में सामान लादने का काम करने के बाद आराम कर रहे थे। इस घटना में दो लोग घायल भी हुए हैं।



### आंध्र में मिलावटी दूध पीने से 4 लोगों की मौत

**राजामहेंद्रवरम।** आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में अनधिकृत विक्रेता द्वारा बेचे गए कथित मिलावटी दूध के सेवन से पिछले 48 घंटों में 4 लोगों की मौत हो गई। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) वाई. श्रीकांत ने बताया कि मामले में दो लोगों की मौत रविवार को हो गई जबकि दो लोगों ने सोमवार को दम तोड़ दिया।



### स्कूल में खड़ी तीन बस जलकर खाक

**तिरुवनंतपुरम।** केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम के समीप एक स्कूल के मैदान में रविवार देर रात भीषण आग लग गयी, जिससे वहां खड़ी तीन बस जलकर खाक हो गयीं। यह घटना कझाक्कुट्टम पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत थुंडाथिल स्थित एक स्कूल के मैदान में देर रात हुई।



## पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल के मतदाताओं को लिखा पत्र, कहा

# सोनार बंगाल का सपना देखने वाले लोग दुखी, 'एबार भाजपा सरकार' का दिया नारा

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

पश्चिम बंगाल में माताएं-बहनें आज सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं। पीएम मोदी ने पत्र में लिखा कि जय मां काली, अब बस कुछ ही महीने में पश्चिम बंगाल का भाग्य सुनिश्चित हो जाएगा

पीएम नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के मतदाताओं को पत्र लिखा है। उन्होंने 'एबार भाजपा सरकार' का नारा देते हुए ममता बनर्जी को घेरा है। पीएम मोदी ने लिखा कि सोनार बंगाल का सपना देखने वाला हर व्यक्ति दुखी है। पश्चिम बंगाल में माताएं-बहनें आज सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं। पीएम मोदी ने पत्र में लिखा कि जय मां काली, अब बस कुछ ही महीने में पश्चिम बंगाल का भाग्य सुनिश्चित हो जाएगा।

आने वाली पीढ़ी का भविष्य किस दिशा में आगे बढ़ेगा, यह आपके सोचे-समझे फैसले पर निर्भर करता है। मेरे सोनार बंगाल के सपने देखने वाला हर एक जवान, बूढ़ा और महिला आज बहुत पीड़ा में हैं। उनकी पीड़ा से आज मेरा हृदय भी व्यथित है। इसलिए, मैंने मन की गहराइयों से एक संकल्प लिया है, पश्चिम बंगाल को 'विकसित' और समृद्ध बनाने का संकल्प। पिछले 11 वर्षों में देशवासियों के आशीर्वाद को ताकत बनाकर मेरी सरकार ने जनकल्याण और समग्र विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। किसानों के कल्याण से लेकर युवाओं के सपनों को साकार करने तक, और मातृशक्ति के सशक्तीकरण से लेकर समाज के हर वर्ग तक, हमारी नीतियों और निरंतर प्रयासों के सकारात्मक परिणाम आज साफ दिखाई दे रहे हैं।

## युवा रोजगार के लिए पलायन को मजबूतर, माताएं और बहनें असुरक्षित

बंगाल वोट बैंक की संकीर्ण राजनीति, हिंसा और अराजकता में जकड़ा



पीएम नरेंद्र मोदी फाइल फोटो

'जय मां काली' से पत्र की शुरूआत की

### केंद्र की योजनाओं का दिया हवाला

पीएम ने दावा किया कि राज्य सरकार के असहयोग के बावजूद पश्चिम बंगाल के करीब 5 करोड़ लोग जन-धन योजना से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत 85 लाख शौचालय बने। उज्ज्वला योजना के जरिए 1 करोड़ से ज्यादा परिवारों को गैस कनेक्शन मिला।

### राज्य की जर्जर हालत देख मन व्यथित

पीएम मोदी ने लिखा कि इस गौरवशाली राज्य की जर्जर हालत देखकर मेरा मन व्यथित हो उठता है। पिछले छह दशकों के कुशासन और तुष्टिकरण की राजनीति के कारण पश्चिम बंगाल को जो अपूरणीय क्षति हुई है, उसे बयान नहीं किया जा सकता। एक तरफ, रोजगार के अभाव में युवा दूसरे राज्यों में पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं, तो दूसरी तरफ, पश्चिम बंगाल में मेरी माताएं और बहनें आज सुरक्षित महसूस नहीं करती हैं।

### अराजकता के अंधेरे में डूबा बंगाल

पीएम ने लिखा कि स्वामी विवेकानंद और ऋषि अरविंद ने जिस बंगाल का सपना देखा था, वह आज वोट-बैंक की संकीर्ण राजनीति, हिंसा और अराजकता में जकड़ा हुआ है और यह हम सबके लिए अत्यंत पीड़ादायक है।

### अब परिवर्तन अनिवार्य

पीएम ने लिखा कि लेकिन कब तक हम चुपचाप यह सब सहते रहेंगे? अब परिवर्तन अनिवार्य है। देश के कई राज्यों में आज जीवन स्तर बेहतर हुआ है, गरीबों के चेहरे पर मुस्कान आई है। 'आयुष्मान भारत' से स्वास्थ्य सुरक्षा मिली है।

### ममता का आखिरी चुनावः शाह



पश्चिम बंगाल के भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने दावा किया है कि बंगाल में इस बार परिवर्तन तय है और भाजपा की सरकार बनने जा रही है। सीएम ममता बेनर्जी इस विधानसभा चुनाव में साफ होने वाली हैं। उनके राजनीतिक जीवन का आखिरी चुनाव साबित होगा और पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी।

ममता का सियासी दांव

### भाजपा सांसद को बंगाल के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा



ममता बेनर्जी ने पश्चिम बंगाल चुनाव से पहले भाजपा के हिस्से से राजवंशी समुदाय का वोट झटकने के लिए पासा फेंक दिया है। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा के राज्यसभा सांसद अनंत महाराज को बंगाल का सर्वोच्च सम्मान दिया जाना ममता बेनर्जी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। अनंत महाराज को भारतीय जनता पार्टी ने 2023 में राज्यसभा के लिए नॉमिनेट किया था।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर बड़ा हादसा

# तेज रफ्तार बस पलटी, 3 बच्चों सहित 5 की मौत, 16 घायल





दुर्घटनास्थल का दृश्य

अमन लेखनी समाचार/ लखनऊ

राजधानी लखनऊ के गोसाईगंज में बड़ा हादसा हो गया। जौखंडी गांव में सोमवार शाम 4:30 बजे पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे से अफरा-तफरी मच गई। दुर्घटना में 3 बच्चों सहित 5 लोगों की मौत हो गई व कई घायल हुए हैं। 8 यात्रियों की हालत गंभीर है उन्हें ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया है। हादसे के समय बस में 40 लोग सवार थे। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने किसी से तरह से बस में फंसे लोगों को निकाला। पुलिस के मुताबिक कई लोगों को भर्ती करवाया गया है। उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना पर जिलाधिकारी विशाख जी, पुलिस आयुक्त अमरेंद्र सेंगर गोसाईगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे हैं। दोनों अफसर पुलिस और प्रशासनिक टीम के साथ घायलों के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं।

### ड्राइवर को आ गई थी नींद

लोगों ने बताया कि ड्राइवर को नींद आ जाने से हादसा हुआ है। राहगीरों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची गोसाईगंज पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा है। टीम राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हैं। मौके पर पहुंचे पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) दक्षिण निपुण अग्रवाल ने बताया कि हादसे में कुल पांच लोगों की मौत हुई हैं। मृतकों में एक महिला एक पुरुष व तीन बच्चे शामिल हैं। घायलों को इलाज के लिए पीजीआइ और केजीएमयू भेजा गया है। हादसे में मृतकों के साथ ही घायलों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

### एसयूवी पलटने से चालक की मौत, 6 घायल

अमेठी जिले में सोमवार को एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उसके चालक की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हो गए। घटना दोपहर बाद मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र में बगिया बहोरखा मार्ग पर बिजलीघर के पास की है जब गांव जगरकटा से एक परिवार स्कॉर्पियो में सवार होकर कहीं जा रहा था तभी उनका वाहन अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गया। उसने बताया कि वाहन में चालक समेत सात लोग सवार थे। वहीं, यूपी के सहारनपुर जिले में सोमवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसा सरसावा थाना क्षेत्र में हरिद्वार-पंचकूला राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ।

## तमिलनाडु में एसआईआर

# हटे 74 लाख से ज्यादा नाम रह गए 5.67 करोड़ वोटर्स

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

तमिलनाडु में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई है। इस बड़े अभियान में 74 लाख से ज्यादा नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। संशोधित सूची के अनुसार अब राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या 5 करोड़ 67 लाख रह गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी अलग-अलग जिलों के आंकड़े जारी कर रहे हैं। यह कार्रवाई चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत की गई है। इनमें पुरुष मतदाता 2,77,38,925, महिला मतदाता 2,89,60,838 और तीसरे लिंग के 7,617 मतदाता हैं। इस पुनरीक्षण का मकसद मतदाता सूची को साफ और सही बनाना है। हटाए गए नामों में बड़ी संख्या मृत मतदाताओं की है।



मतदाता सूची को देखते अधिकारी

## दिल्ली-एनसीआर से हटेंगे कोयला उद्योग?

# प्रस्ताव पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र व स्टेकहोल्डर्स से मांगा जवाब

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

नेशनल कैपिटल रीजन (एनसीआर) में लगातार वायु गुणवत्ता की दिक्कत से निपटने के लिए सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि वह कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) के सुझावों के आधार पर 12 मार्च को गाड़ियों से होने वाले वायु प्रदूषण के मुद्दे की जांच करेगी। इसने भवन निर्माण और तोड़-फोड़ की वजह से होने वाली धूल से निपटने के लिए सीएक्यूएम के सुझाए गए तरीकों पर सभी स्टेकहोल्डर्स से भी जवाब मांगा। पीठ ने इस सुझाव पर भी केंद्र से जवाब मांगा कि दिल्ली से 300 किलोमीटर के दायरे में कोई नया कोयला आधारित तापीय विद्युत संयंत्र स्थापित न किया जाए।



सुप्रीम कोर्ट

## राजकोट में 1400 अवैध बस्तियां ध्वस्त



**राजकोट।** गुजरात के राजकोट नगर निगम ने सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच शहर के 2.5 किलोमीटर क्षेत्र में फैली 1,400 से अधिक अवैध बस्तियों को ध्वस्त करने के लिए एक व्यापक अभियान शुरू किया। अजी नदी के किनारे जंगलेश्वर क्षेत्र में ट्रैक्टर, डंपर और अन्य भारी मशीनरी के साथ 65 से अधिक मिट्टी खोदने वाली मशीनें तैनात की गई हैं। गुजरात के डिप्टी सीएम हर्ष संघवी के आदेश के बाद राजकोट नगर निगम (आरएमसी) ने जंगलेश्वर क्षेत्र में ध्वस्तीकरण अभियान शुरू किया। राजकोट जोन-1 की पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) हेतल पटेल ने बताया कि चूंकि अवैध संपत्तियां 2.5 किलोमीटर के क्षेत्र में फैली हुई हैं, इसलिए ध्वस्तीकरण अभियान तीन दिन तक चलने की उम्मीद है।

## राष्ट्रपति भवन में एडविन लुटियंस की प्रतिमा हटाई गई

# राजगोपालाचारी को दी जगह द्रौपदी मुर्मू ने किया अनावरण

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में 'राजाजी उत्सव' में शामिल हुई और राष्ट्रपति भवन में स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय गवर्नर-जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी की प्रतिमा का अनावरण किया। एक पोस्ट में बलिखा गया कि अशोक मंडप के पास ग्रैंड ओपन सीढ़ी पर स्थित चक्रवर्ती राजगोपालाचारी की प्रतिमा ने एडविन लुटियंस की प्रतिमा का स्थान ले लिया है। यह पहल औपनिवेशिक मानसिकता के अवशेषों को मिटाने और भारत की समृद्ध संस्कृति, विरासत, शाश्वत परंपराओं को गर्व से अपनाने तथा भारत माता की सेवा में असाधारण योगदान देने वालों को सम्मानित करने की दिशा में उठाए जा रहे कदमों का हिस्सा है।



राष्ट्रपति मुर्म ने मूर्ति का किया अनावरण

### औपनिवेशक विरासत से मुक्ति

वहीं, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने लिखा कि सी. राजगोपालाचारी की प्रतिमा का अनावरण किया, जो औपनिवेशिक विरासत से मुक्ति की हमारी यात्रा में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

### 'राजाजी उत्सव' प्रेरक पहल

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'राजाजी उत्सव' एक अद्भुत पहल है, जो राष्ट्र के प्रति राजाजी के समृद्ध योगदान के विभिन्न पहलुओं को उजागर करती है।

## अमित शाह ने भारत टैक्सी के 'सारथियों' के साथ किया संवाद, कहा

# ड्राइवर ही मालिक, श्रम करने वालों को मुनाफा मिलना चाहिए

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को नई दिल्ली में भारत टैक्सी के सारथियों के साथ संवाद किया। संवाद के दौरान, अमित शाह ने कहा कि जो श्रम कर रहा है, उसे ही मुनाफा मिलना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य टैक्सी के मालिक को धनी बनाना है और सारथी ही मालिक हैं। शाह ने कहा कि सारथी भारत टैक्सी के मालिक हैं और मुनाफे में भी उनका हिस्सा होगा। शाह ने कहा कि भारत टैक्सी को देश की पांच बड़ी कोऑपरेटिव्स को मिलाकर खड़ा किया है।

भारत टैक्सी में 5 बड़ी सहकारी कंपनियां शामिल

हर ड्राइवर 500 रुपए का शेयर लेकर मालिक होगा

### सारथी ही भारत टैक्सी की नीतियां बनाएंगे





अमित शाह सारथियों से चर्चा करते हुए

शाह ने कहा कि जब भारत टैक्सी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स का चुनाव होगा, तब इसमें कुछ स्थान सारथियों के लिए भी आरक्षित रखे जाएंगे। जब सारथी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में आ जाएंगे तब वे स्वयं अन्य सारथियों के सभी हितों की रक्षा और चिंता करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत टैक्सी का उद्देश्य किसी निजी कंपनी की तरह बड़ा मुनाफा कमाना नहीं है।भारत टैक्सी का उद्देश्य हमारे सारथी भाइयों को मजबूत करना है।

### 3 साल बाद मुनाफे का 80 प्रतिशत भी

शाह ने कहा कि भारत टैक्सी की कुल कमाई में से 20% भारत टैक्सी के अकाउंट में सारथियों की पूंजी के रूप में जमा हो जाएगा और 80% पैसा टैक्सी कितने किमी चली है, उसके अनुसार वापस सारथियों के खाते में जाएगा। शुरूआती 3 साल के बाद जितना भी मुनाफा होगा, उसका 20% प्रतिशत भारत टैक्सी में रहेगा और 80% वापस दे दिया जाएगा।

### भारत टैक्सी बड़ा सहकारिता आंदोलन

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत टैक्सी की शुरूआत एक बड़ा कोऑपरेटिव आंदोलन है।भारत टैक्सी सारथियों की टैक्सी को मॉर्गेज करेगी और भारत टैक्सी ही उन्हें कोऑपरेटिव बैंक के माध्यम से कर्ज दिलाएगी। सारथियों को हर जानकारी नोटिफिकेशन के माध्यम से उपलब्ध कराकर 'भारत टैक्सी' दुनिया की सबसे पारदर्शी कैब सर्विस बनेगी। भारत टैक्सी में एक बेस लाइन बनाकर काम होगा।

# आईटी सिटी में जमीन के लिए लैंड पूलिंग नियमावली तैयार

## अतिरिक्त जमीन के लिए देना होगा 3900 रुपये प्रति वर्ग फुट शुल्क

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अपनी नई आवासीय योजना आईटी सिटी योजना के लिए भूखंड आवंटन की नियमावली तैयार कर ली है। लैंड पूलिंग के तहत जमीन देने वाले भू-स्वामियों को मिलने वाले प्लॉट और अतिरिक्त जमीन की दरें तय कर दी गई हैं। नियमावली के अनुसार, जो भी भू-स्वामी अपनी जमीन प्राधिकरण को देगा, उसे उसकी कुल भूमि का 25 प्रतिशत विकसित भूखंड के रूप में वापस मिलेगा। यह प्लॉट सड़क, बिजली, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं से युक्त होगा। यदि किसी की जमीन इतनी कम है कि 25 प्रतिशत हिस्सा न्यूनतम मानक से नीचे आता है, तो भी उसे कम से कम 35 वर्ग मीटर का प्लॉट दिया जाएगा।

- 28 फरवरी को लॉटरी से जमीन देने वालों को होगा आवंटन




प्राधिकरण उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने उदाहरण देते हुए स्पष्ट किया है कि यदि कोई व्यक्ति 2500 वर्ग फुट जमीन देता है तो उसे 2000 वर्ग फुट का विकसित प्लॉट मिलेगा। इसके अलावा 35-35 फुट के दो अतिरिक्त प्लॉट भी दिए जाएंगे। इस प्रकार संबंधित व्यक्ति के पास कुल मिलाकर लगभग 2700 वर्ग फुट जमीन हो जाएगी। इससे उसे 200 वर्गफुट जमीन ज्यादा मिल जाएगी। इस 200 वर्ग फुट ज्यादा जमीन की कीमत 3900 रुपए प्रति वर्गफुट की दर से एलडीए को दनी होगी। अतिरिक्त जमीन के लिए 3900 रुपये प्रति वर्ग फुट की दर निर्धारित की गई है। यानी यदि किसी को 200 वर्ग फुट अतिरिक्त जमीन मिलती है तो उसे लगभग 7.80 लाख रुपये एलडीए को अतिरिक्त भुगतान करना होगा। अधिकारियों का कहना है कि यह दर वर्तमान बाजार स्थिति को ध्यान में रखते हुए तय की गई है। आईटी सिटी परियोजना को गति मिलेगी भूखंड आवंटन की प्रक्रिया 28 फरवरी को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित लॉटरी के माध्यम से पूरी की जाएगी। इसी दिन लैंड पूलिंग में शामिल सभी पात्र भू-स्वामियों को प्लॉट आवंटित कर दिए जाएंगे। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि इस नियमावली से आईटी सिटी परियोजना को गति मिलेगी और पारदर्शी तरीके से भू-स्वामियों को उनका हक सुनिश्चित किया जाएगा। अब सभी की नजर 28 फरवरी को होने वाली लॉटरी पर टिकी है।

## नर्मदा अपार्टमेंट के 312 फ्लैट के लिए 711 लोगों ने कराया पंजीकरण

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के नर्मदा अपार्टमेंट के 300 फ्लैट्स व 12 पेंट हाउस के लिए 711 लोगों ने पंजीकरण कराया है। गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-4 में बनने वाले इस अपार्टमेंट में प्रीमियम आवासीय सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जोकि इस परियोजना को अपने श्रेणी में अधिक प्रभावी व उपयोगी बनाएगा।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि राप्ति अपार्टमेंट के बगल में लगभग 12,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बनने वाले नर्मदा अपार्टमेंट में कुल 03 टावर होंगे, जिनकी ऊंचाई लगभग 90 मीटर होगी। अपार्टमेंट में 3 बीएचके एवं स्टडी श्रेणी के कुल 300 फ्लैट होंगे, जिनकी कीमत 1.41 करोड़ रुपए से शुरू होगी। प्रत्येक फ्लैट लगभग 2100 वर्गफिट क्षेत्रफल का होगा। इसके अलावा 12 पेंट हाउस बनाये जाएंगे, जोकि लगभग 4,000 वर्गफिट क्षेत्रफल में होंगे। पेंट हाउस की कीमत 2.8 करोड़ रुपए से शुरू होगी। पाध्यक्ष ने बताया कि 24 जनवरी से 23 फरवरी, 2026 तक फ्लैट्स एवं पेंट हाउस के लिए पंजीकरण खोला गया था।



- गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-4 में जी-20 रोड पर बनेगा अपार्टमेंट

सोमवार को पंजीकरण अवधि के अंतिम दिन रात 8:00 बजे तक 688 लोगों ने फ्लैट्स और 27 लोगों ने पेंट हाउस के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराया है। उन्होंने बताया कि भवनों का आवंटन पारदर्शी प्रक्रिया के तहत लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा, जिसकी तारीख जल्द ही घोषित की जाएगी।

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि नर्मदा अपार्टमेंट की कनेक्टिविटी और लोकेशन बेहद प्राइम होगी। जी-20 रोड स्थित एलडीए के राप्ती अपार्टमेंट के ठीक बगल में इसका निर्माण कराया जाएगा। योजना से चंद कदमों की दूरी पर ही शहीद पथ, इकाना क्रिकेट स्टेडियम, प्लासियो मॉल, पुलिस मुख्यालय आदि प्रमुख स्थल मिल जाएंगे।

अपर सचिव सीपी त्रिपाठी ने बताया कि नर्मदा अपार्टमेंट का निर्माण 330 करोड़ रुपए की लागत से कराया जाएगा। प्रोजेक्ट को 03 वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है और 05 वर्ष के भीतर आवंटियों को फ्लैट का कब्जा प्रदान कर दिया जाएगा। अपार्टमेंट में जिम, स्वीमिंग पूल, पार्क, क्लब हाउस, किड्स प्ले-एरिया, पावर बैकअप व 500 से अधिक वाहनों की पार्किंग आदि की प्रीमियम सुविधाएं विकसित की जाएंगी। साथ ही लोगों की व्यावसायिक जरूरतें पूरी करने के लिए कॉमर्शियल दुकानें भी होंगी।

## बाजार से अवैध पार्किंग व अतिक्रमण हटाने की मांग

**लखनऊ।** चौक और अमीनाबाद बाजार में बढ़ती ट्रैफिक अव्यवस्था, अतिक्रमण और अवैध पार्किंग को लेकर सर्व समाज उद्योग व्यापार मंडल के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत से मुलाकात कर उन्हें मांगपत्र सौंपा। संगठन के अध्यक्ष आसिम मार्शल ने कहा कि हुसैनाबाद, चौक, अमीनाबाद और नक्खास जैसे ऐतिहासिक व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अवैध पार्किंग और अस्थायी दुकानों के कारण यातायात पूरी तरह बाधित हो रहा है। उन्होंने मांग की कि लखनऊ को स्मार्ट सिटी के मानकों पर लाने के लिए व्यापारियों, प्रशासनिक अधिकारियों और बुद्धिजीवियों के साथ एक संयुक्त बैठक बुलाई जाए। मंडलायुक्त ने सहमति जताते हुए स्वीकार किया कि जनता के सहयोग के बिना शहर को व्यवस्थित बनाना संभव नहीं है। उन्होंने जल्द ही संबंधित विभागों के साथ समन्वय बैठक आयोजित करने का आश्वासन दिया। इस दौरान संरक्षक नवाब मसूद अब्दुल्ला सहित कई लोग उपस्थित थे।

# डिफेंस कॉलोनी मोड़ पर अवैध सब्जी मंडी को लेकर हंगामा, नगर निगम और दुकानदारों में तीखी नोकझोंक

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई थाना क्षेत्र के डिफेंस कॉलोनी मोड़ पर लग रही अवैध सब्जी मंडी को लेकर सोमवार को नगर निगम की टीम और दुकानदारों के बीच तीखी बहस हो गई। स्थानीय निवासियों की शिकायत पर नगर निगम की एसएफआई इंस्पेक्टर टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और सड़क किनारे लग रही दुकानों को हटाने के निर्देश दिए।

### दुर्घटना का बढ़ रहा खतरा

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क के किनारे अवैध रूप से सब्जी मंडी लगने से आए दिन जाम की स्थिति बन जाती है। वाहनों की आवाजाही प्रभावित होती है और एक्सीडेंट का खतरा लगातार बढ़ रहा है। खासकर शाम के समय यहां हालात और भी गंभीर हो जाते हैं।

### दुकानदारों से तीखी बहस

कार्रवाई के दौरान दो दुकानदारों ने नगर निगम की टीम का विरोध किया, जिस पर दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। मौके पर मौजूद लोगों की भीड़ जुट गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया।

### पुलिस ने संभाला मोर्चा

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाकर

### मामला शांत कराया।

पुलिस ने फिलहाल दुकानदारों को एक दिन का समय दिया है, ताकि वे स्वयं अपनी दुकानें हटा लें। साथ ही चेतावनी दी गई कि तय समय के बाद



दोबारा अवैध रूप से मंडी लगने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### प्रशासन की चेतावनी

नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि सड़क पर अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आम जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आगे भी अभियान जारी रहेगा।

## शहीद भगत सिंह प्रथम वार्ड में सड़क का शिलान्यास



**लखनऊ।** शहीद भगत सिंह प्रथम वार्ड के आशुतोष विहार में 200 मीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य पार्षद प्रतिनिधि अरविंद यादव की ओर से शुरू किया गया। इस अवसर पर कई स्थानीय लोग मौजूद थे, जिन्होंने सड़क निर्माण को आवागमन में सुधार और बरसात में राहत देने वाला बताया। कार्य गुणवत्ता और समय सीमा के साथ पूरा करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर विजय शंकर पाण्डेय, कल्पेश द्विवेदी, रामखेलावन राजपूत, सियाराम पाण्डेय, कुलदीप यादव, शंभूनाथ तिवारी, रमेशचंद्र मिश्रा, बृजकिशोर विश्वकर्मा और डूंगर सिंह बिष्ट सहित कई सम्मानित कॉलोनीवासी मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने कहा कि सड़क निर्माण से आवागमन सुगम होगा और बरसात के समय होने वाली दिक्कतों से राहत मिलेगी। पार्षद प्रतिनिधि ने भरोसा दिलाया कि गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में कार्य पूरा कराया जाएगा।

## सपाइयों ने मनायी संत गाडगे महाराज की जयंती



**लखनऊ।** संत गाडगे महाराज की जयंती सोमवार को राजधानी में सपा कार्यालय, लखनऊ सहित प्रदेश के सभी जिलों में सादगी से मनाई गई। पार्टी कार्यालय में संत गाडगे महाराज के चित्र पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने माल्यार्पण कर नमन किया। प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल तथा पूर्व सांसद अरविन्द कुमार सिंह ने भी संत गाडगे को पुष्पांजलि अर्पित की। संत गाडगे के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में सपा के मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी रहे सोनू कनौजिया, समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मणींद्र मिश्र, समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा, सपा के वरिष्ठ नेता विजय सिंह यादव, डॉ. भूपेन्द्र दिवाकर, किसान नेता तेजिंदर सिंह बिर्क, अतुल शुक्ला, राम धीरज साहनी, देवी प्रसाद कनौजिया, वृक्ष संरक्षक श्रवण कन्नौजिया, अमरजीत महाराजगंज आदि शामिल थे।

## योगी-मोदी के वाटर टैंक की बाजार में धूम

**लखनऊ।** होली का त्यौहार आने में लगभग एक सप्ताह बचा है। यहियागंज के थोक बाजार में बच्चों से लेकर बड़ों तक लुभाने वाली तरह-तरह की पिचकारियां बिक रहीं है। सबसे ज्यादा डिमांड योगी-मोदी वाले वॉटर टैंक की रही। योगी-मोदी के पोस्टर वाला वाटर टैंक थोक बाजार में आते ही बिक गया। पिचकारियों के होलसेल व्यापारी अंशुल बताते हैं कि बाजार में तो तरह-तरह की पिचकारियां है लेकिन योगी-मोदी के वॉटर टैंक की डिमांड बहुत रही। बाजार में माल उतरते ही बाजार से गायब हो गया। इसके अलावा डोरेमान, तलवार, छोटा भीम, गिटार, बार्बी डॉल, आयरन मैन, तरबूज और अन्य कार्टून वाली पिचकारियां बाजार में उपलब्ध है। यह पिचकारियां होल सेल में 80 से लेकर 350 रुपये तक हैं। पिचकारी व्यापारी मोहम्मद मुदस्सिर की माने तो इस बार बोर्ड परीक्षाएं और होली का त्यौहार काफी पहले पड़ जाने से बाजार में कम चहल पहल है, वरना इस समय बाजार में चलना मुश्किल होता था। मुदस्सिर ने बताया कि बाजार में कई तरह की प्रेशर गन मौजूद है। जो 70 रुपये से लेकर 390 रुपये तक की है। कलर फुल स्प्रे 20 से 60 रुपये तक का है। कलर फॉग 60 रुपये का है। एनीमल मास्क 18 रुपये पीस और झाड़ू बैलून 45 के तीन पीस और एक पीस 20 रुपये का है। उन्होंने बताया कि होली पर लोग तरह-तरह का स्वांग रचाते हैं जिसके लिए मलिंगा के बाल, सींग वाले बाल और मुर्गा बाल की मांग रहती है। उन्होंने बताया कि इस बार फैन्सी पाइप में बांसुरी पाइप 25 से 37 रुपये पीस, पेन्सिल पाइप 26 रुपये पीस और छाता पाइप में 70,100 और 120 रुपये पीस का है।

# डाक टिकटों से जानिए जनगणना की कहानी, आज से विशेष प्रदर्शनी

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राजकीय अभिलेखागार की ओर से एक खास प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी का विषय 'गिनती में आओ: भारत में जनगणना का डाक इतिहास' है। इसका मुख्य उद्देश्य है कि ज्यादा से ज्यादा छात्र, शोधार्थी और आम लोग इन ऐतिहासिक दस्तावेजों से जुड़ें और देश के इतिहास को बेहतर तरीके से समझें।

यह प्रदर्शनी मंगलवार को दोपहर 12:30 बजे शुरू होगी, जिसका उद्घाटन शीतल वर्मा (निदेशक, जनगणना संचालन एवं नागरिक पंजीकरण) करेंगी। प्रदर्शनी 28 फरवरी तक राजधानी लखनऊ के महानगर विस्तार स्थित शहीद स्मारक भवन में लगेगी। यह प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक सभी लोगों के लिए खुली रहेगी। इस प्रदर्शनी की खास बात यह है कि इसमें डाक टिकटों, पोस्टमार्क, पुराने पत्रों और अन्य डाक रिकॉर्ड के जरिए भारत की जनगणना की कहानी दिखाई जाएगी। आमतौर पर लोग जनगणना को सिर्फ आंकड़ों से जोड़कर देखते हैं, लेकिन यहां बताया जाएगा




- डाक अभिलेखों के जरिए सामने आएगा जनगणना का अनोखा सफर'
- नई पीढ़ी को जनगणना का इतिहास जानने का मिलेगा मौका: जयवीर सिंह

कि इसमें डाक विभाग की कितनी अहम भूमिका रही है। आजादी के बाद जनगणना से जुड़ी जानकारी लोगों तक पहुंचाने, प्रशिक्षण सामग्री भेजने और सरकारी संवाद में डाक विभाग ने बड़ा योगदान दिया। इस आयोजन पर अपने विचार प्रकट करते हुए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि जनगणना सिर्फ आंकड़ों का काम नहीं है, बल्कि यह देश के विकास की बुनियाद है और डाक टिकटों एवं पुराने अभिलेखों के माध्यम से जनगणना के इतिहास को समझने का यह एक अनोखा प्रयास है। इससे नई पीढ़ी को यह जानने का मौका मिलेगा कि देश में जनगणना कैसे की जाती थी और इसमें डाक विभाग की क्या अहम भूमिका रही। इस प्रदर्शनी का संयोजन अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, बेंगलुरु के अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर डॉ. विकास कुमार ने किया है। यह प्रदर्शनी खास तौर पर विद्यार्थियों, रिसर्च करने वालों और इतिहास में रुचि रखने वाले लोगों के लिए फायदेमंद साबित होगी। और अभिलेखीय स्रोतों के माध्यम से आधुनिक भारत को समझने की नई संभावनाएं प्रदान करेगी।

# अमृतलाल नागर के नाम पर चौक चौराहे का महापौर ने विकास कार्यों का किया शिलान्यास

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** ऐतिहासिक चौक क्षेत्र में पद्म विभूषण अमृतलाल नागर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर चौक चौराहे का नाम ह्लपद्म विभूषण श्री अमृतलाल नागर चौराहाह्व रखे जाने के उपलक्ष्य में भव्य नामकरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में माननीय महापौर सुषमा खर्कवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की शुरूआत महापौर की ओर से अमृतलाल नागर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि अमृतलाल नागर जी ने अपनी लेखनी से लखनऊ की तहजीब, संस्कृति और आम जनजीवन को जीवंत रूप दिया। उनके नाम पर चौराहे का नामकरण पूरे शहर के लिए गर्व का विषय है और यह आने वाली पीढ़ियों को उनकी साहित्यिक विरासत से परिचित कराएगा। इस अवसर पर चौक कालीजी बाजार वार्ड में सड़क, नाली और पार्क से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास भी माननीय महापौर सुषमा खर्कवाल द्वारा किया गया। पहला कार्य मिर्जा मंडी मोहल्ले में एमबी हॉस्पिटल से भूपेंद्र नाथ मल्होत्रा के आवास तक सीसी रोड निर्माण का है। इस सड़क का निर्माण 9.85 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। दूसरा कार्य शंकरी टोला मोहल्ले में चम्पू जी हनुमान मंदिर से अजय व अचल अग्रवाल के भवन होते हुए हिमांशु के आवास तक सीसी रोड व नाली निर्माण का है। इसकी लागत 9.90 लाख रुपये निर्धारित की गई है। तीसरा कार्य श्री कोनेश्वर मंदिर से एमपी हॉस्पिटल तक सीसी रोड व नाली निर्माण का है, जिसकी लागत 9.80 लाख रुपये है। चौथा कार्य शंकरी टोला पार्क, दर्जी बगिया पार्क, टंडन फव्वारा व लाजपतनगर पार्क की रंगाई पुताई से संबंधित है, जिस पर 9.88 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा सोंधी टोला पार्क में बाउंड्री, गेट व फुटपाथ निर्माण के लिए 19.93 लाख रुपये की लागत स्वीकृत की गई है। महापौर ने कहा कि इन कार्यों से क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बढ़ेगी, जल निकासी व्यवस्था मजबूत होगी और पार्कों के सौंदर्यीकरण से नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण मिलेगा।

# राज्यपाल ने सुनीता विलियम्स विलेज वैज्ञानिक स्पेस लैब का किया लोकार्पण

## राज्यपाल ने स्वच्छता, अनुशासन, नियमित उपस्थिति, परिश्रम एवं शारीरिक व्यायाम के प्रति बच्चों को किया प्रेरित

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा सोमवार को जन भवन परिसर में स्थित आदर्श माध्यमिक विद्यालय में सुनीता विलियम्स विलेज वैज्ञानिक स्पेस लैब का लोकार्पण व विद्यालय परिसर से स्पेस ऑन व्हील वैन का शुभारम्भ किया गया। जन भवन आदर्श माध्यमिक विद्यालय में व्योमिका फाउंडेशन, लखनऊ द्वारा एचडीएफसी बैंक के सीएसआर फण्ड से लगभग 12.50 लाख रुपये की लागत से यह लैब स्थापित किया गया है।

स्पेस ऑन व्हील वैन में भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया था, जिसमें एसएलवी, पीएसएलवी, जीएसएलवी, चन्द्रयान-1, चन्द्रयान-2, भारतीय प्रक्षेपण यान के कार्यशील स्केल मॉडल व अंतरिक्ष तकनीक के विकास को दर्शाते हुए विस्तृत मॉडल दर्शाए गए हैं। विशेषज्ञ द्वारा राज्यपाल जी को विभिन्न



प्रक्षेपण यानों की संरचना, उनके उद्देश्यों तथा भारत को अंतरिक्ष क्षेत्र में वैश्विक पहचान दिलाने में उनकी भूमिका की जानकारी दी गई।

राज्यपाल द्वारा सुनीता विलियम्स विलेज वैज्ञानिक स्पेस लैब का विधिवत अनावरण किया गया तथा लैब का निरीक्षण एवं अवलोकन किया गया। विद्यार्थियों ने राज्यपाल को उत्साहपूर्वक प्रत्येक मॉडल के विषय में जानकारी दी। लैब में विक्रम लूनार लैण्डर, चन्द्रयान, पीएसएलवी, जीएसएलवी, मंगलयान, टेलिस्कोप, ड्रोन, विमान मॉडल, मिनी रोबोट आदि की प्रदर्शनी एवं विमान का डेमोंस्ट्रेशन जन भवन आदर्श माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। राज्यपाल ने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया और उनके प्रयासों की सराहना की। राज्यपाल द्वारा विद्यालय परिसर के लॉन में स्थापित अंतरिक्ष प्रक्षेपण यान जीएसएलवी के मॉडल का भी अवलोकन किया गया।

विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने विद्यार्थियों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें स्वच्छता, अनुशासन, नियमित उपस्थिति, परिश्रम एवं शारीरिक व्यायाम के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि दृढ़ संकल्प के साथ कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया कि वे विद्यालय परिसर एवं आसपास स्वच्छता बनाए रखें तथा इधर-उधर कचरा न डालें। विद्यालय की स्वच्छता के संदर्भ में उन्होंने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को संयुक्त रूप से नियमित सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही, सभी विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने एवं शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों को सकारात्मक ऊर्जा के साथ विद्यालय आने का संदेश देते हुए कहा, हंसते-हंसते स्कूल आना है और हंसते-हंसते स्कूल से जाना है। राज्यपाल ने यह भी निर्देश दिया कि विद्यालय में प्रार्थना एवं अन्य कार्यक्रमों का संचालन विद्यार्थियों द्वारा किया जाएगा, जिससे उनमें नेतृत्व क्षमता एवं आत्मविश्वास का विकास हो सके। विद्यालय में अनुशासन को उन्होंने सफलता का आधार बताया।

कार्यक्रम में स्पेस अप्लीकेशन सेंटर, अहमदाबाद के निदेशक निलेश एम. देसाई द्वारा अंतरिक्ष विज्ञान पर आधारित प्रस्तुतीकरण दिया गया। उन्होंने विद्यार्थियों से विज्ञान एवं गणित के प्रति भय त्यागकर प्रयोगात्मक शिक्षा को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर लखनऊ मंडल के आयुक्त विजय विश्वास पंत ने विद्यालय की आधारभूत संरचना एवं स्पेस लैब की सराहना करते हुए कहा कि यह सब राज्यपाल की प्रेरणा का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों से उपलब्ध सुविधाओं का पूर्ण उपयोग करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर विशेष कार्याधिकारी राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, ग्रुप डायरेक्टर, स्पेस एप्लीकेशन सेंटर, अहमदाबाद, दर्शन पटेल, जिलाधिकारी लखनऊ विशाख जी, व्योमिका फाउंडेशन के प्रमुख गोविंद यादव, एचडीएफसी बैंक के यूपी स्टेट हेड मनोज कुमार राय सहित अन्य गणमान्य अतिथि, शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राज्यपाल ने कम्प्यूटर लैब और वेबसाइट का किया लोकार्पण

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को लखनऊ स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, अर्जुनगंज में कम्प्यूटर लैब तथा विद्यालय की वेबसाइट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कम्प्यूटर लैब को देखकर विद्यार्थियों को कम्प्यूटर शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में विद्यालय को सुविधाओं से सुसज्जित करने वाले महानुभावों को स्मृति-चिह्न एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी सम्मानित जनों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा में किया गया दान सर्वश्रेष्ठ दान है और समाज के ऐसे दानवीरों का सम्मान किया जाना चाहिए।

कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत बाल रामायण एवं ब्रज की होली की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि




नन्हे-मुन्ने बच्चे देश का भविष्य हैं। उन्हें छोटी आयु से ही शिक्षा, संस्कार एवं अनुशासन प्रदान करना विद्यालयों का दायित्व है, जिसे विद्या भारती अच्छी तरह निभा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति, परंपरा, रामायण एवं महाभारत तथा हमारे ऋषि-मुनियों के वैज्ञानिक योगदान के विषय में छोटे बच्चों को घरों में भी जानकारी दी जानी चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि आधुनिक शिक्षा एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अध्ययन आवश्यक है, किंतु इसके साथ ही हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत व परंपरा को नहीं भूलना चाहिए।

उन्होंने गुजरात में विद्या भारती के विद्यालयों में किए गए अपने विकास कार्यों के अनुभव साझा किया तथा शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती के उत्कृष्ट व उल्लेखनीय कार्यों को बताया।

## संक्षेप

### तेज रफ्तार ऑटो ने बाइक सवार छात्र को मारी टक्कर हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। थाना असोहा क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ऑटो ने बाइक सवार कक्षा 10वीं के छात्र को टक्कर मार दी। इस हादसे में छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके कारण वह अपनी अंग्रेजी विषय की बोर्ड परीक्षा नहीं दे पाया। जानकारी के अनुसार, अजगैन थाना क्षेत्र के कुशुम्भी निवासी छात्र करन श्यामलाल इंटर कॉलेज का विद्यार्थी है। वह हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा देने के लिए अपने परीक्षा केंद्र जा रहा था। परिजनों ने बताया कि करन समय पर घर से निकला था ताकि वह परीक्षा केंद्र पर समय से पहुंच सके। असोहा के पास सामने से आ रहे एक ऑटो ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि करन सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद राहगीरों ने तुरंत उसे संभाला और उसके परिजनों को सूचित किया। परिजन तत्काल घायल छात्र को जिला अस्पताल ले गए, जहाँ उसका उपचार चल रहा है। चिकित्सकों के मुताबिक, छात्र को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। परिवार के सदस्यों ने बताया कि करन पढ़ाई में होनहार है और बोर्ड परीक्षा को लेकर काफी गंभीर था। वह अंग्रेजी विषय की परीक्षा के लिए कई दिनों से तैयारी कर रहा था। परिजनों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि छात्र की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे परीक्षा में विशेष अवसर प्रदान किया जाए। पुलिस इस घटना की जांच कर रही है।

### महिला ने अपने ससुरालीजनो पर दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर अन्तर्गत विवाहिता से अधिक दहेज की मांग कर प्रताडित किये जाने पर पीड़िता ने पति समेत आधा दर्जन ससुरालीजनों पर दहेज उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।थाना क्षेत्र के कोडरा बख्त खेड़ा निवासिनी कंचन देवी पुत्री शुवकरन का विवाह 17 फरवरी 24 को अजीत पुत्र शिवराम निवासी आचार्य द्विवेदी नगर, जेल रोड, कोतवाली सदर, जिला रायबरेली के साथ हुआ था। कंचन के अनुसार उसकी शादी में जेवर सामान सहित करीब 10 लाख खर्च हुए थे। तीन महीने बाद ही चार पहिया की गाड़ी की मांग को लेकर ससुरालीजन आये दिन मार पीट व प्रताडित किया करते है। 08 फरवरी 26 को को सुलह समझौते करने आये हेतु पति अजीत पुत्र शिवराम, ससुर शिवराम, जेठ कुलदीप पुत्र शिवराम, जठानी पिंकी पत्नी कुलदीप, ननद रोमा पुत्री शिवराम आदि ने चार पहिया की मांग को लेकर फिर से मार पीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया तहरीर के आधार पर पति समेत 5 लोगो पर दहेज एक्ट सहित अन्य मामलों में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# विकास का मार्ग 'पत्थर' ने रोका, एक साल से एम्बुलेंस और स्कूल वैन का प्रवेश बंद

अमन लेखनी समाचार/रोहित कुमार

औरास, उन्नाव। विकास खंड औरास के अंतर्गत आने वाला ग्राम कबरोई वर्तमान में प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार है। पिछले एक वर्ष से अधिक समय से गांव के मुख्य संपर्क मार्ग के बीचों-बीच पड़ा एक विशालकाय पत्थर रोड़ा ग्रामीणों के लिए काल बन गया है। इस अवरोध के कारण गांव का संपर्क बाहरी दुनिया से लगभग कट चुका है, जिससे ग्रामीण नारकीय जीवन जीने को विवश हैं।

### एम्बुलेंस और स्कूल वैन का रास्ता बंद

ग्रामीणों राजपाल, प्रमोद कुमार, मोनू सिंह, श्यामू रावत, अजीत सिंह शर्मा, राज कुमार, नीरज शर्मा ने बताया कि मार्ग बाधित होने के कारण आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस गांव के भीतर नहीं आ पाती। गंभीर मरीजों को मुख्य सड़क तक ले जाने के लिए ग्रामीणों को उन्हें पैदल या चारपाई पर लादकर ले जाना पड़ता है। वहीं, स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर भी संकट खड़ा हो गया है। स्कूल वैन गांव से करीब 800 मीटर पहले ही रुक जाती है, जिससे छोटे बच्चों को सुनसान रास्तों पर पैदल चलकर जाना पड़ता है। इस दौरान क्षेत्र में घूम रहे आवारा पशुओं और कुत्तों का हमला होने का डर हमेशा बना रहता है।




### विकास कार्य पड़े ठप

सड़क पर इस अवरोध के चलते निर्माण सामग्री लाने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली गांव में प्रवेश नहीं कर पा रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे मकान और निजी निर्माण कार्य पूरी तरह से ठप पड़ गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि एक छोटे से अवरोध ने पूरे गांव को विकास की मुख्यधारा से पीछे धकेल दिया है।

### मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग

मामले की गंभीरता को देखते हुए सामाजिक कार्यकर्ता रामजीवन कनौजिया ने मोर्चा संभाला है। उन्होंने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन को पत्र लिखकर इस समस्या के तत्काल निवारण की मांग की है।

एक छोटे से पत्थर की वजह से पूरा गांव संकट में है। न एम्बुलेंस आ पा रही है, न बच्चों की वैन। हमने मुख्यमंत्री जी को पत्र लिखकर जिलाधिकारी और बीडीओ औरास को निर्देशित करने की मांग की है। यदि जल्द मार्ग सुचारू नहीं हुआ, तो ग्रामीण उग्र प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।

### सामाजिक कार्यकर्ता रामजीवन कनौजिया

अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब जागता है और कबरोई के ग्रामीणों को इस 'पत्थर' रूपी मुसीबत से कब छुटकारा मिलता है।

# एक्सप्रेस-वे पर चालक को झपकी आने से टकराई बस, सात छात्र घायल

अमन लेखनी समाचार



औरास, उन्नाव। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर सोमवार तड़के एक बड़ा हादसा टल गया। औरास थाना क्षेत्र के अंतर्गत किलोमीटर संख्या 275.300 पर तड़के करीब 2:45 बजे आगरा से लखनऊ की ओर जा रही एक टूरिस्ट मिनी बस ऊऊ 01 अए 9293 आगे चल रहे अज्ञात वाहन से टकरा गई। बस में कर्नाटक के बेलगांव जिला स्थित हॉर्टिकल्चर कॉलेज अरभावी के बीएससी चतुर्थ वर्ष के 18 छात्र सवार थे, जो शैक्षिक भ्रमण पर अयोध्या जा रहे थे।

### ड्राइवर को झपकी आने से हुआ हादसा

बताया जा रहा है कि बस चालक अर्जुन सिंह (निवासी राजस्थान) को अचानक झपकी आ गई, जिसके कारण बस अनियंत्रित होकर आगे जा रहे वाहन से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बस रुकते ही चीख-पुकार मच गई, जिसे सुनकर गश्ती दल और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची।

### घुटनों में आई चोटें, सभी सुरक्षित

बस में सवार 18 लोगों में से 7 लोगों को चोटें आई हैं। अचानक हुई टक्कर के कारण छात्र अगली सीटों से जा टकराए, जिससे उनके घुटनों में चोट लगी है। घायलों में चंद्रशेखर (21), अमित (22), मनमीत (23), अनिल कुमार (23), विशाल (22), अमित दया (22) और चालक अर्जुन सिंह (28) शामिल हैं।

### प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर

पुलिस ने सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास पहुँचाया। वहां प्राथमिक उपचार देने के बाद बेहतर एहतियात के तौर पर सभी को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। डॉक्टरों के अनुसार सभी घायल खतरे से बाहर और सुरक्षित हैं। औरास पुलिस प्रशासन ने दुर्घटनाग्रस्त बस को मार्ग से हटवाकर यातायात सुचारू रूप से शुरू करवा दिया है।

# सड़क हादसे में कार की टक्कर से मजदूर की मौत

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में हरदोई-बिल्हौर मार्ग पर एक सड़क हादसे में 50 वर्षीय मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। मदार नगर गांव के पास सोमवार देर शाम एक तेज रफ्तार इको कार ने ट्रैक्टर से उतरकर सड़क पार कर रहे मजदूर को टक्कर मार दी।

यह घटना रात करीब 8 बजे हुई, जब सिंघुपुर बिरिया गाड़ा गांव निवासी दीनदयाल पुत्र लच्छू मजदूरी कर ट्रैक्टर से घर लौट रहे थे। ट्रैक्टर से नीचे उतरकर सड़क पार करते समय बिल्हौर की ओर से आ रही तेज रफ्तार इको कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मजदूर 20 मीटर दूर जा गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने आवाज सुनकर दौड़कर देखा, लेकिन तब तक चालक भाग चुका था। सूचना मिलने पर बांगरमऊ कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक दीनदयाल अपने गांव में मजदूरी का काम करते थे। उनके परिवार में पत्नी धुनी देवी और तीन बेटे हैं। बेटों में गोपाल (35 वर्ष) विवाहित हैं, जबकि अमन (20 वर्ष) और करन (10 वर्ष) अविवाहित हैं। इस घटना से परिवार में शोक का माहौल है।

कोतवाली प्रभारी अखिलेश चंद्र पांडे ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार हुए वाहन तथा उसके चालक की तलाश की जा रही है।

# झोलाछाप के इलाज से युवक की मौत, स्वास्थ्य विभाग ने क्लिनिक पर मारा छापा

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। थाना क्षेत्र के रामपुर गढौवा में एक झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही ने एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां उजाड़ दीं। गलत इलाज के कारण हिमाचल खेड़ा मजरे रामपुर गढ़ौवा निवासी 35 वर्षीय युवक की असमय मृत्यु हो गई। इस हृदयविदारक घटना के बाद मृतक की पत्नी और परिजनों में कोहराम मच गया।

### मृतक की पत्नी की शिकायत पर जागा विभाग

घटना की जानकारी मिलते ही मृतक की पत्नी ने स्वास्थ्य विभाग को आपबीती सुनाई। मृतक के पिता ने भी स्थानीय थाने में लिखित तहरीर देकर आरोपी डॉक्टर के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम सोमवार को सक्रिय हुई।



### छापेमारी के दौरान ताला लटका मिला

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) औरास के अधीक्षक डॉ. अनूप कुमार तिवारी के नेतृत्व में टीम ने जब रामपुर गढौवा स्थित संबंधित क्लिनिक पर छापेमारी की, तो वहां ताला लटका मिला। टीम को मौके पर क्लिनिक बंद मिला, जिसके बाद विभाग ने संचालक को नोटिस जारी कर दिया है। पुलिस ने भी आरोपी डॉक्टर के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### अवैध अस्पतालों पर जारी रहेगी कार्रवाई

निरीक्षण के दौरान डॉ. अनूप कुमार तिवारी ने स्पष्ट संदेश दिया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध अस्पताल या क्लिनिक संचालित नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा, ₹अवैध नर्सिंग होम और झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ हमारा अभियान निरंतर जारी है। जैसे ही कहीं से भी शिकायत या सूचना प्राप्त होती है, विभाग तत्काल सख्त कदम उठाता है।

इस घटना ने क्षेत्र में फल-फूल रहे अवैध क्लिनिकों पर एक बार फिर सवालिया निशान लगा दिए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे 'मौत के अड्डों' को पूरी तरह बंद किया जाए ताकि किसी और मासूम की जान न जाए।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने दुष्कर्म के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जितेंद्र (21) पुत्र हरिश्चंद्र निवासी ठठिया जाहिदपुर, थाना मल्लावां, जनपद हरदोई के रूप में हुई है। उसे सोमवार, 23 फरवरी 2026 को चकलवंशी सदमपुर रोड के पास से पकड़ा गया। सफीपुर पुलिस ने अभियुक्त जितेंद्र को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। यह गिरफ्तारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अपराध विरोधी अभियान के तहत की गई। जितेंद्र के खिलाफ मु0अ0सं0 88/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (BNS) की विभिन्न धाराओं 140(1), 351(3), 127(2), 64(1), 123, 69 के तहत मामला दर्ज किया गया था।



गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अनिल कुमार राजपूत, हेड कांस्टेबल सौरभ सिंह और हेड कांस्टेबल शिवकुमार शामिल रहे

# तालाब पर कब्जा को लेकर हुआ विवाद

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र अंतर्गत हुसैन बक्श खेड़ा गांव में तालाब को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। पीड़ित राम सिंह पुत्र राजबहादुर ने आरोप लगाया है कि गांव के ही सुशील पुत्र लाल बहादुर ने उनके तालाब को नुकसान पहुंचाया और विरोध करने पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी।

पीड़ित के अनुसार, वह बीते लगभग 20 वर्षों से अपने तालाब को मछली पालन के लिए उपयोग कर रहा है। यह तालाब पूर्व में मछली निहाल अहमद पुत्र इनमुल हक के हाथ बिक्री किया गया था, जिसे वर्ष 2008 में सुशील को आवंटित किया गया। इतने वर्षों में कभी कोई विवाद नहीं हुआ।आरोप है कि 17 फरवरी 2026 को सुशील ने तालाब में लगी पाइप काट दी और करीब 20 लीटर डीजल व ग्रीस तालाब में फैला दिया, जिससे भारी नुकसान हुआ। जब राम सिंह ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने गंदी-गंदी गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देने लगा। भय के कारण पीड़ित को मौके से हटना पड़ा।पीड़ित का कहना है कि इस घटना से उन्हें काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने थाना बीघापुर पुलिस से मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### आत्महत्या के लिए उकसाने का दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर अंतर्गत युवती द्वारा फांसी लगा आत्महत्या कर लिए जाने पर माँ द्वारा दी गयी नामजद तहरीर में पुलिस ने नामित युवक पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कर लिया है।थाना क्षेत्र के गांव नारायणदास खेडा में 13 फरवरी को जानसी पुत्री हरिश्चंद्र 24 वर्ष ने घर मे फाँसी लगा आत्महत्या कर ली थी। पीड़िता की माँ दया देवी ने बताया कि उस दिन वह कथा सुनने गयी थी। उसका बेटा कार्तिक कैटर का काम करता है जिसके सिलसिले में वह बीघापुर गया हुआ था। उसकी बेटी घर मे अकेली थी । वह सुभम द्विवेदी पुत्र मुनारी निवासी दुर्जनपुर से बात किया करती थी। उसी दिन शुभम मेरे घर आया था जब घर मे कोई नही था। उसी के कारण मेरी बेटी ने फांसी लगा ली है। इलाज दौरान गुरुवार को बेटी की मौत हो गयी। शनिवार को उसका अंतिम संस्कार बक्सर घाट पर किया जा चुका है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया तहरीर में नामजद युवक पर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत, दो की मौत, तीन घायल

हादसा

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में सोमवार देर शाम मियागंज-सफीपुर मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों बाइक चालकों की मौत हो गई, जबकि एक महिला, दो बच्चों गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को सी एच सी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। औरास थाना क्षेत्र के लालता खेड़ा निवासी छोटे लाल (25) पुत्र रामचंद्र यादव अपनी भाभी मालती (35), भतीजे कृष्णा (7) और भतीजी नैना (5) के साथ बाइक से फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के जमुनिहाकच्छ गांव जा रहे थे। वे अपनी बहन प्रीति के घर उसके बेटे के जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। छोटे लाल की बाइक के पीछे उनका छोटा भाई राहुल भी अन्य परिजनों के साथ दूसरी बाइक पर चल रहा था। मियागंज-सफीपुर मार्ग पर गांव गौरी के समीप, सफीपुर की ओर से आ रहे आसीवन थाना क्षेत्र के उदसाह निवासी बसंत (35) पुत्र मंगल की बाइक से छोटे लाल की बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई।हादसे के बाद राहगीरों और छोटे लाल के भाई राहुल ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने छोटे लाल को मृत घोषित कर दिया दूसरे बाइक चालक बसंत व मालती, कृष्णा और नैना को गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया वही जिला अस्पताल में बसंत ने भी दम तोड़ दिया मृतक छोटे लाल के भाई राहुल ने बताया कि मृतक बेंगलुरु में मजदूरी करता था। परिवार में बड़े भाई रामनरेश और छोटे भाई राहुल के अलावा दो बहनें ममता और प्रीति हैं। सभी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सफीपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक एस एन त्रिपाठी ने बताया कि दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दही थाना क्षेत्र में 35 वर्षीय मजदूर लल्लन का शव उनके घर के अंदर फांसी के फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या का मामला मान रही है, हालांकि सभी पहलुओं की जांच जारी है। मृतक की पहचान भुटवल निवासी लल्लन (35) पुत्र रमेश के रूप में हुई है। वह एक निजी कंपनी में मजदूरी करते थे और अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। लल्लन की शादी लगभग 15 साल पहले गोमती से हुई थी। उनके पांच बच्चे हैं, जिनमें तीन बेटे और दो बेटियां शामिल हैं।परिजनों के अनुसार, लल्लन और उनकी पत्नी के बीच पिछले कुछ दिनों से घरेलू बातों को लेकर विवाद चल रहा था। घटना के दिन लल्लन घर पर अकेले थे, जबकि परिवार के अन्य सदस्य किसी काम से बाहर गए हुए थे। जब काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला, तो परिजनों को संदेह हुआ। दरवाजा तोड़ने पर लल्लन का शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। बताया गया है कि लल्लन अपने भाई-बहनों में सबसे बड़े थे और परिवार की कई जिम्मेदारियां उनके कंधों पर थीं। पुलिस फिलहाल मामले की गहनता से जांच कर रही है और सभी संभावित कारणों पर गौर कर रही है।

# श्रीमद्भागवत कथा का समापन गंगा तट पर कलश विसर्जन, भंडारे में हजारों ने लिया प्रसाद

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। गंजमुरादाबाद ब्लॉक स्थित मेला रामकुवर गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन हो गया। कथा के भव्य समापन के बाद श्रद्धालुओं ने नानामऊ गंगा तट पर कलश विसर्जन और हवन-पूजन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण ढोल-नगाड़ों और धार्मिक भजनों के साथ कलश विसर्जन में शामिल हुए। यह श्रीमद्भागवत कथा समाज सुधारक एवं अंतरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता आचार्य मनीष तिवारी जी द्वारा संपन्न कराई गई। आचार्य मनीष तिवारी कानपुर के रूरा निवासी हैं। उन्हें सुनने के लिए पंडाल में हजारों की भीड़ उमड़ती थी। क्षेत्र में इस तरह के भव्य साप्ताहिक भागवत कथा आयोजन की चर्चा है कि यह पहले कभी नहीं हुआ।आचार्य मनीष तिवारी की कथा सुनने के लिए महिलाएं और पुरुष 14 किलोमीटर दूर से भी देव स्थान पर आते थे। प्रधान प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह ने बताया कि यह गांव का सबसे बड़ा देव स्थान है और हजारों श्रद्धालुओं के आने का प्रमुख केंद्र है। उन्होंने यह भी बताया कि आचार्य के मुख से निकले शब्दों को सुनकर कई श्रद्धालुओं की आंखों से आंसू आ जाते थे।प्रधान प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में लगभग 1200 पुरुषों और महिलाओं ने नानामऊ गंगा तट पर पहुंचकर कलश विसर्जन और पूजन किया। विसर्जन के बाद नानामऊ घाट पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।इस अवसर पर डॉ. शिवपाल सिंह, डॉ. नरेश पाल सिंह, मेवालाल गुप्ता, तारेंद्र गुप्ता, दिवासु गुप्ता, रामदास गुप्ता, संजय सिंह, संदीप सिंह, मुकुल सिंह, डॉ. शुभम सिंह, सुशील द्विवेदी सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। सोमवार शाम पांच बजे घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई।

### मार्ग दुर्घटना में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। थाना क्षेत्र के पूराचांद मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग की 12 दिन बाद मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजाऔरास थाना क्षेत्र के मुसल्यावां गांव निवासी रामजीवन (80) पुत्र स्वः बद्री 12 फरवरी बृहस्पतिवार को शाम गांव के ही एक व्यक्ति के साथ बाइक से हरदोई जनपद के एक गांव में मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही वह लोग थाना क्षेत्र के ही पूराचांद गांव के पास पहुंचे हीं थे। कि तभी समाने से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी थी। हादसे में रामजीवन घायल हो गया था।जिसे सीएचसी औरास में भर्ती कराया गया था।जहां प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया था।लेकिन परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर चले गए थे।जहां इलाज चल रहा था। परिजनों के मुताबिक रविवार को रामजीवन को लखनऊ अस्पताल से घर लिए आ रहे थे। जहाँ रास्ते मे मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

### विश्वकर्मा कल्याण समिति का वार्षिक चुनाव हुआ संपन्न

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। विश्वकर्मा कल्याण समिति, उन्नाव के वार्षिक चुनाव आज अत्यंत गरिमामय और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया को मुख्य चुनाव अधिकारी आर.पी. वर्मा 'सरस' एवं हरिशंकर विश्वकर्मा की देखरेख में सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। चुनाव परिणामों के पश्चात सर्वसम्मति से समाज के चहुंमुखी विकास हेतु नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई समिति के चुनाव में देवशरण विश्वकर्मा को अध्यक्ष पद की कमान सौंपी गई है। कार्यकारिणी को विस्तार देते हुए सावित्री देवी विश्वकर्मा, शिव विलास शर्मा एवं अनुराग वर्मा को उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया गया। घोषित कार्यकारिणी के अन्य प्रमुख पदाधिकारी निम्नलिखित हैं: मन्त्री, विवेक वर्मा उपमन्त्री, हरिशंकर विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष, बिपिनविश्वकर्मा लेखा परीक्षक, सुशील कुमार शमार्संगठन मन्त्री, ओमकार शर्मा कार्यालय सचिव, शिवानन्द विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी, श्याम प्रकाश विश्वकर्मा, प्रचार मन्त्रीः अमित कुमार शर्माइसके अतिरिक्त कार्यकारिणी में सदस्य के रूप में कमलेश कुमार विश्वकर्मा, वेद प्रकाश शर्मा, लाभम विश्वकर्मा, मुकेश शर्मा और शैलेन्द्र विश्वकर्मा को सम्मिलित किया गया है।नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने चुनाव अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नई टीम समाज में व्याप्त अशिक्षा और सामाजिक विघटन जैसी कुरीतियों के विरुद्ध एकजुट होकर कार्य करेगी। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद अवस्थी, व्यापार मण्डल के प्रांतीय मंत्री राजन बाजपेई, कवि प्रदीप शर्मा , सुरेश विश्वकर्मा विभिन्न शाखा समितियों के पदाधिकारी, विश्वकर्मा कल्याण समिति के संयोजन जी.पी. वर्मा, कोषाध्यक्ष शिव नारायण विश्वकर्मा , राजकुमार विश्वकर्मा, रचना विश्वकर्मा, अनुपमा विश्वकर्मा, मीना विश्वकर्मा, कीर्ति शर्मा, रेनू विश्वकर्मा, मोहिनी शर्मा, बुद्धी लाल विश्वकर्मा, वीरेन्द्र कुमार, गंगा प्रसाद शर्मा, हनुमान प्रसाद शर्मा सहित समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे और नई कार्यकारिणी को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम के अंत में संयोजक . पी. वर्मा द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी गई तथा उपस्थित आगंतुकों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन आर. पी. वर्मा 'सरस' जी द्वारा किया गया।

# डॉग स्क्वॉड व फोरसिंक टीम ने मृतक के खोज निकाली खोपड़ी

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में एक बुजुर्ग की हत्या के मामले में पुलिस को दूसरे दिन बड़ी सफलता मिली है। सोमवार को डॉग स्क्वॉड और फोरेंसिक टीम ने असेहरू गांव के पास शव मिलने के स्थान से करीब 100 मीटर दूर खोपड़ी बरामद हुई है। टीम ने कंकाल के साथ मृतक के कपड़े, जूते और हत्या में इस्तेमाल होने के संदेह में एक चाकू भी बरामद किया है। यह बरामदगी खोजी कुत्ते की मदद से चलाए गए सर्च अभियान के दौरान हुई। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए और नमूने जांच के लिए भेजे हैं।यह मामला रविवार को असेहरू से मझिगवां रोड स्थित बद्री बाग के पास सड़क किनारे झाड़ियों में एक बुजुर्ग का क्षत-विक्षत शव मिलने के बाद सामने आया था। शव की गर्दन और बायां हाथ गायब था। मृतक की पहचान शिवपाल के रूप में हुई थी। परिजनों के अनुसार, शिवपाल 7 फरवरी की शाम करीब पांच बजे से लापता थे। काफी खोजबीन के बाद 20 फरवरी को उनकी बहू रेनू ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई थी।परिजनों ने इस हत्या के पीछे इलाके के एक कच्ची शराब कारोबारी पर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मृतक का कुछ लोगों के साथ उठना-बैठना था, जिनके साथ वह शराब पीते थे। घटना वाले दिन भी वह उसी ओर गए थे। परिजनों को अवैध शराब कारोबार से जुड़े लोगों की संलिप्तता की आशंका है।मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) अखिलेश सिंह ने घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों को जल्द से जल्द मामले का खुलासा करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस संदिग्धों से पूछताछ कर रही है और कई पहलुओं पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है।जिस स्थान से शव बरामद हुआ, वहां से महज 150 मीटर दूर अवैध कच्ची शराब का धंधा चलने की चर्चा है। परिजनों का आरोप भी उसी कारोबारी पर है। ऐसे में स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जाता तो शायद यह घटना टल सकती थी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी है और जल्द खुलासे का दावा कर रही है।

## सम्पादकीय

# एसआईआरः कोई भी योग्य छूटे नहीं और अयोग्य शामिल न हो

पश्चिम बंगाल में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर पैदा हुआ टकराव अब केवल प्रशासनिक मतभेद नहीं रहा, यह लोकतंत्र की विश्वसनीयता की सीधी परीक्षा बन चुका है। ऐसे समय में सुप्रीम कोर्ट का अभूतपूर्व हस्तक्षेप बताता है कि हालात साधारण नहीं हैं। अदालत ने स्पष्ट कहा है कि मतदाता सूची से कोई योग्य नागरिक छूटे नहीं और अयोग्य उसमें शामिल न हो। यह निर्देश भर नहीं, लोकतांत्रिक मर्यादा की अंतिम रेखा है। मतदाता सूची में शुचिता और पारदर्शिता के लिए शीर्ष अदालत ने एसआईआर की निगरानी के लिए सेवारत और पूर्व न्यायिक अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। शीर्ष अदालत ने राज्य की निर्वाचित सरकार और चुनाव आयोग के बीच भरोसे की कमी पर जो टिप्पणी की, वह सबसे ज्यादा चिंताजनक है। जब चुनाव कराने वाली संवैधानिक संस्था और राज्य सरकार आमने-सामने खड़ी दिखें, तो नुकसान किसी एक पक्ष का नहीं, पूरे लोकतंत्र का होता है। अदालत को सेवारत और पूर्व न्यायिक अधिकारियों की निगरानी में प्रक्रिया चलाने का आदेश देना पड़ा। यह असाधारण व्यवस्था है, जो बताती है कि संस्थागत संवाद की डोर कितनी कमजोर हो चुकी है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और उनकी पीठ ने साफ किया कि न्यायिक अधिकारियों के आदेश अदालत के आदेश माने जाएंगे और कलेक्टर-एसपी उन्हें लागू कराएंगे। सवाल यह है कि क्या चुनावी प्रक्रिया इतनी अविश्वसनीय हो गई है कि उसे पटरी पर लाने के लिए न्यायपालिका को प्रत्यक्ष भूमिका निभानी पड़े? यदि हां, तो यह लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है। अदालत ने 28 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित करने की अनुमति दी है और जरूरत पड़ने पर सप्लीमेंट्री सूची की छूट भी दी। यह संतुलन का प्रयास है कि समयबद्धता भी रहे और त्रुटि-सुधार का रास्ता भी खुला रहे, लेकिन असली सवाल यह है कि दावे और आपत्तियां तार्किक निष्कर्ष तक क्यों नहीं पहुंच पा रहीं? क्यों आरोप-प्रत्यारोप का दौर प्रक्रिया पर हावी है? मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी कि हमें राज्य सरकार से सहयोग की उम्मीद थी, सिर्फ नाराजगी नहीं, निराशा का संकेत है। अदालत ने यह भी कहा कि वह सूक्ष्म पर्यवेक्षक नहीं है। यानी रोजमर्रा के प्रशासनिक काम में दखल देना न्यायपालिका का काम नहीं। पर जब जवाब देने में देरी हो, तथ्यों की स्पष्टता न हो और गतिरोध बना रहे, तब अदालत को आगे आना पड़ता है। न्यायिक अधिकारियों की तैनाती अस्थायी समाधान हो सकती है, स्थायी इलाज नहीं। इससे लंबित अदालती मामलों पर असर पड़ेगा, अंतरिम राहत के मामलों को अन्य अदालतों में स्थानांतरित करना पड़ेगा। मतदाता सूची की शुचिता सुनिश्चित करने के लिए केवल न्यायिक आदेश काफी नहीं। बूथ स्तर पर सत्यापन की पारदर्शी प्रक्रिया, दावों-आपत्तियों की खुली सुनवाई, आदेशों का सार्वजनिक प्रकाशन और तकनीक का प्रभावी उपयोग, ये सब मिलकर ही भरोसा बहाल कर सकते हैं। राजनीतिक इच्छाशक्ति के बिना कोई भी व्यवस्था अधूरी है। यह भी याद रखना होगा कि अदालत का हस्तक्षेप किसी एक पक्ष की जीत या हार नहीं है। यह लोकतंत्र को पटरी पर रखने की कोशिश है। शीर्ष कोर्ट ने जो कहा, वह मूलभूत सिद्धांत है। अब समय की मांग है कि सियासत से ऊपर उठकर पारदर्शिता, जवाबदेही और सहयोग को प्राथमिकता दी जाए। लोकतंत्र की असली ताकत मतदाता की आस्था है; उसे टूटने नहीं देना ही हर संवैधानिक संस्था की सर्वोच्च जिम्मेदारी है।



जिरहनामा

कनक तिवारी

# तिरंगे की संवैधानियत

आज़ादी के तीन महीने पहले संविधान सभा में नेहरू ने तिरंगे झंडे को अपनाने का प्रस्ताव पेश करते उसकी ऐतिहासिक और भविष्यमूलक व्याख्या की थी। कहा इस झंडे के तीनों रंग किसी संप्रदाय के प्रतीक नहीं हैं। यह भारत की जनता का झंडा है। झंडे के बीच से चरखे को विशेष कारण से हटाकर अशोक चक्र को अपनाया गया है क्योंकि अशोक का काल वास्तव में भारतीय इतिहास का अंतर्राष्ट्रीय काल था। मुख्य बात नेहरू ने कही कि आज दो झंडे हैं। एक रेशम का और दूसरा खादी का।

भारत उत्सवधर्मी देश है। कैलेन्डर के हर दिन कोई राष्ट्रीय, सांप्रदायिक, क्षेत्रीय, जातीय या सांस्कृतिक उत्सव कहीं न कहीं मनाया जाता है। बड़ी संख्या में प्रतिभागिता होती है। फूड पैकेट बांटकर, नकद रुपए देकर, सरकारी बसों से मनुष्यों को ढोने के बावजूद नेताओं की सभाओं में भीड़ नहीं जुटती। जब पुरखों के तीज त्यौहार नहीं होते तो लोकतंत्र की बानगी राष्ट्रीय चखचख बाजार में बदगुमानी के भी इंडेक्स पर उछलने लगती है। अमृतकाल में सरकारी कर हुक्म हुआ कि देश में तिरंगा फहराया जाए। अफवाहें तैरती रहीं कि खादी या हाथ कताई के रेशमी कपड़े का भी नहीं पोलिएस्टर का लाखों मीटर लंबाई का कपड़ा झंडों के लिए उपयोग किया जाएगा। शायद वह सबसे बड़े भारतीय कॉरपोरेटी या पड़ोसी मुल्क की हिकमत के जरिए बनाया जाकर उन्हें ही मालामाल कर दिया जा सकता। राष्ट्रीय ध्वज तो आजादी के महान आंदोलन का सबसे बड़ा प्रतीक, प्रवक्ता और प्रस्तोता है। किसी भी मुल्क में सेनाओं की लड़ाई में राजा या मुख्य सेनापति के हाथ में अपनी आजादी और अहमियत का झंडा होता था। सेना मर, कट, खप जाए लेकिन अगर सेनानायक के हाथों झंडा सुरक्षित है, तो जीतती लगती ताकत भी फतह हासिल नहीं कर पाती थी। 62 वर्षों की सत्याग्रही मशक्कत के बाद अंगरेज भारत से रुखसत हुआ। तब लाल किले की प्राचीर पर जवाहरलाल के हाथों तिरंगा झंडा फहराया गया। उसे लेकर चखचख बाजार में विमर्श की शक्ल में अनावश्यक विवाद भी पैदा किए जाते रहे।

आज़ादी के तीन महीने पहले संविधान सभा में नेहरू ने तिरंगे झंडे को अपनाने का प्रस्ताव पेश करते उसकी ऐतिहासिक और भविष्यमूलक व्याख्या की थी। कहा इस झंडे के तीनों रंग किसी संप्रदाय के प्रतीक नहीं हैं। यह भारत की जनता का झंडा है। झंडे के बीच से चरखे को विशेष कारण से हटाकर अशोक चक्र को अपनाया गया है क्योंकि अशोक का काल वास्तव में भारतीय इतिहास का अंतर्राष्ट्रीय काल था। मुख्य बात नेहरू ने कही कि आज दो झंडे हैं। एक रेशम का और दूसरा खादी का।

संविधान सभा ने नहीं सोचा होगा कि रेशम और गांधी की खादी को बेदखल कर बहुराष्ट्रीय कंपनी में बना पोलिएस्टर कपड़ा अपनी छाती पर तिरंगा झंडा छापकर लाखों घरों में फहराया जाने कहा जा सकता है। सेठ गोविन्ददास ने बताया कि 1922 में ही जबलपुर के सार्वजनिक टाउन हाल में जो तिरंगा फहराया गया। उसका रंग लाल, सफेद और हरा था, लेकिन वह किसी भी धर्म का नहीं था। अशोक चक्र के समर्थन में कहा कि महान लेखक एच. जी. वेल्स ने संसार के इतिहास पर लिखी पुस्तक में कहा है कि राजाओं के खूनी जीवन में अशोक अकेला ऐसा है जिसने पूरी दुनिया को प्रेम के सूत्र में बांधने की कोशिश की। सेठ गोविन्ददास ने बताया 1857 के जनयुद्ध में हरे रंग का झंडा न केवल मुसलमानों का और न केवल हिन्दुओं का बल्कि हर स्वतंत्रता संग्राम सैनिक का वह रंग रहा है। चौधरी खलीकुज्जमा ने तो संस्कृत के कथन 'सर्वेत्यागा राजधर्मेषु दृष्टा' अर्थात त्याग करने के सभी रूप राजधर्म के तहत होते हैं। कहा होगा लेकिन हमारे नेता निष्पक्ष,



कर्तव्यपारायण और त्याग करने की भावना से आज़ादी के बाद ही लबरेज नहीं रह सके। फिर तो मतलबपरस्ती का ज्वार उछल उछलकर तिरंगे के आदेशों को मजाक में उड़ा देने का हौसला पाले रहा।

दार्शनिक राधाकृष्णन ने कहा कि झंडे में हरा रंग भारत की वनस्पतियों से संबंधित है जिन पर हर मनुष्य का जीवन निर्भर है। मौलवी सैयद मोहम्मद सादुल्ला ने कहा केसरिया रंग केवल हिन्दुओं में नहीं मुसलमानों के इतिहास में भी है। साधु, सन्यासी, पीर और पंडित इसी रंग के सहारे धार्मिकता का प्रचार कर पाते रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस को सफेद टोपी मुकर्रर करने की बधाई दी।

यह भी बाद में दिलचस्प हुआ कि लाल, हरी, नारंगी बल्कि काली टोपियों ने भी काफी राजनीतिक धमाचौकड़ी मचाई। सच यही है कि इन सभी रंगों ने स्वतंत्रता की उमंग की नुमाइन्दगी की है। मौलवी साहब ने बताया तेरहवीं शताब्दी के भी पहले अरब के बड़े पैगंबर के समय से मुसलमानों के झंडे का तयशुदा रंग रहा है। उन्होंने तल्खी में कह दिया कि चरखे को हटाया जाना जायज लगता है क्योंकि गांधी के आदर्शों और प्रेरणा को अहिंसा खत्म कर हिंसावादी बनकर नेताओं ने चरका तो दिया है। अकिंचन जातियों के प्रतिनिधि खांडेकर ने कड़यिल बात कही कि भगवा झंडे तले लाखों दलितों ने कुर्बानियां की हैं। सिद्धनाथ महार का कोरेगांव में लौह स्तंभ उसी जमाने की याद दिलाता है। गोविन्द मालवीय ने अपनी तकरीर में हरा रंग मुसलमानों, सफेद रंग ईसाइयों और केसरिया रंग को सिक्खों के साथ साथ सभी रंग हिन्दुओं के भी बताए। सबसे बेहतरीन वक्ता सरोजिनी नायडू ने भावुक भाषण में संवेदनाओं को झकझोरते कहा क्या इस्लाम भारत में बिरादराना भाव नहीं लाया है? क्या पारसी अग्नि देवालय से ईरान से दहकते लट्ठे लेकर अपना दृढ़ साहस नहीं लाए? क्या ईसाइयों ने गरीबों की सेवा करने का सबक हमें नहीं पढ़ाया? क्या सनातन हिन्दू धर्म ने इंसान को पूरी तौर पर प्रेम करना नहीं सिखाया? इसीलिए यह झंडा इतिहास, संस्कृति, धर्म और इंसानियत की सेवा का जज्बा अपने में समेटे हुए है।

यक्ष प्रश्न है कि राष्ट्रीयता की भावना सरकार की ओर से इंजेक्शन या बूस्टर डोज़ की तरह क्यों इंजेक्ट की जाए? क्या जनता में आजादी और गणतंत्र के पर्व को लेकर वैसी भावनात्मक उथलपुथल है जो धार्मिक त्यौहारों को लेकर अपने आप उफनती रहती है। लोग बुलाए जाने पर भी राष्ट्रीय पर्वों के जश्न में इकट्ठा नहीं होते बल्कि घर पर बैठकर टेलीविजन के कार्यक्रम देख लेते और छुट्टियां मना लेते हैं। उससे कहीं ज़्यादा लोग 'इस्लाम खतरे में है' या 'हनुमान चालीसा' का जुलूस में पाठ करना है' या 'कांवड़ यात्रा निकालनी है' के उद्दाम में इकट्ठा हो जाते हैं। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के बरक्स राजनीतिक राष्ट्रीयता अब भी भारत के लिए एक सपना है।

लाखों तिरंगे झंडे लग भी जाएं। तब भी आसमान में चीख चीखकर लोगों से यही पूछते रहेंगे कि क्या हमारा नसीब केवल हवा में उड़ते रहने से है? हमारे संदेश को धरती पर उतारकर मनुष्यों के आचरण में ढालने की कोई जरूरत महसूस होती भी है। हम केवल कपड़े या कागज का या अब पोलिएस्टर का टुकड़ा नहीं हैं। हमें रंगाई कारखाने का पात्र भी नहीं समझा जाए। हम भी अन्य मुल्कों के परचमों की तरह भारतीय कौम की विजय का इतिहास हैं। हिन्दुस्तानियों का हौसला हैं। गरीब भारतीय अवाम के जीवन का अब भी अधूरा सपना हैं। हम सरहदों पर सैनिकों की चुनौतियों का अहसास हैं। हम बेरोजगार नौजवानों की निराशाओं का मर्सिया भी गाते हैं। हमें सियासत के लोग सत्ता की कुर्सी पर काबिज रहने के लिए तिजारत की वस्तु और लाशों का कफन भी बनाते हैं। याद रहे जब तक हम देशवासियों की मजबूत मुट्ठियों में हम सम्मान के साथ रहेंगे। तब तक ही हमें इंसानियत का परचम समझा जाता रहेगा।

## जन्म दिवस विशेष

छगन लाल लोन्हारे

# साय ने राज्य में गढ़ा विकास का नया आयाम

छत्तीसगढ़ की खूबसूरत वादियों में स्थित जशपुर जिला के ग्राम बगिया में 21 फरवरी को जन्म लेने वाले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सज्जनता और सहृदयता की एक मिसाल है। दो वर्ष के अपने मुख्यमंत्रित्व काल में छत्तीसगढ़ राज्य में विकास का एक नया आयाम गढ़ने वाले तथा प्रदेश के नागरिकों के दिलों में राज करने वाले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज अपनी लोकप्रियता के शिखर पर विद्यमान है। विष्णुदेव साय जनता के बीच के एक ऐसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री हैं जिनकी सदाशयता और दूरगामी योजनाओं से प्रदेश में विकास और प्रगति का राह आसान हुआ है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आदिवासी पृष्ठभूमि से आते हैं। केबिनेट बैठक में राज्य में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से अंतर की राशि होली पर्व से पहले एकमुश्त भुगतान किए जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 25 लाख 24 हजार 339 किसानों से 141.04 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत धान के मूल्य के अंतर की राशि के रूप में लगभग 10 हजार करोड़ रुपए का भुगतान होली त्यौहार से पहले एकमुश्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री स्वयं एक किसान पुत्र हैं वे किसानों की पीड़ा को भलीभांति जानते हैं।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी 3100 रुपए प्रति क्विंटल के मान से की की गई है, जो देश में सर्वाधिक है। बीते दो वर्षों में कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के किसानों को धान के मूल्य के अंतर के रूप में 25 हजार करोड़ रुपए से अधिक का



भुगतान किया जा चुका है। इस साल होली से पूर्व किसानों को 10 हजार करोड़ रुपए का भुगतान होने से यह राशि बढ़कर 35 हजार करोड़ रूपए हो जाएगी। किसान हितैशी सरकार के इस निर्णय से बाजार भी गुलजार होंगे, जिससे शहरी अर्थव्यवस्था पर सीधा असर दिखाई देगा, ट्रैक्टर आदि की बिक्री में वृद्धि होगी। प्रदेश की नवीन औद्योगिक नीति से राज्य में अब तक 7 लाख 83 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने अपने दो साल के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ को पूरे देश में एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश की जनता के बीच जाकर जनता का न केवल विश्वास जीता है बल्कि उनके हित को ध्यान में रखकर उन्होंने ऐसी योजनाओं का क्रियान्वयन किया है जिससे छत्तीसगढ़ का समग्र विकास सम्भव हो पाया है। यह केवल और केवल विष्णुदेव साय जैसे एक संवेदनशील, कर्मठ तथा ऊर्जावान मुख्यमंत्री ही संभव कर सकते हैं। मुख्य मंत्री विष्णु देव की सुशासन में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। वर्ष 2026 को महतारी गौरव वर्ष घोषित किया गया है। राज्य सरकार ने मातृशक्ति का सम्मान करते हुए 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 1000 रुपए की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। प्रदेश के 42 हजार 878 महिला स्व- सहायता समूहों को आसान ऋण से अब तक 129.46 करोड़ रुपए का लाभ दिया गया है। प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के अंतर्गत 4.81 लाख महिलाओं को 237 करोड़ रुपए की सहायता राशि दी गई है। राज्य की 19 लाख से अधिक महिलाओं को पूरक पोषण आहार सुनिश्चित की गई है। महिला सुरक्षा के लिए सखी वन स्टॉप सेंटर और महिला हेल्पलाइन 181 की स्थापना की गई है। महिलाओं को रोजगार मूलक कार्यों के जरिए स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए पंचायत स्तर पर 52.20 करोड़ की लागत से 179 महतारी सदनों का निर्माण कराया जा रहा है। महिला समूहों के उत्पादों की बिक्री हेतु 200 करोड़ की लागत से नवा रायपुर में यूनिटी मॉल का निर्माण कराया जाएगा।

राज्य सरकार द्वारा आवास और सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रख कर अब तक 26 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति किए गए हैं। स्वच्छ पेयजल सबका अधिकार है। प्रदेश के 41 लाख से अधिक घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। गुणवत्तापूर्ण जलापूर्ति के लिए राज्य में 77 जल परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की गई है। 70 समूह जल प्रदाय योजनाओं से प्रदेश के 3208 गांव लाभान्वित हो रहे हैं। इसके अलावा राज्य के शत-प्रतिशत गांवों का विद्युतीकरण किया जा रहा है। डबल इंजन की सरकार में रावघाट-जगदलपुर रेल परियोजना के साथ रेल नेटवर्क मैप से बस्तर जुड़ रहा है। जगदलपुर-विशाखापट्नम और रायपुर-विशाखापट्नम नई सड़क परियोजनाओं से विकास की नई राहें खुल रही है। प्रदेश के 32 नगरीय निकायों में नॉलेज बेस्ड सोसाइटी हेतु लाइट हाउस निर्माण की पहल की जा रही है।

उन्होंने प्रदेश के हर वर्ग की बुनियादी सुविधाओं और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पीएम आवास योजना, कृषक उन्नति योजना, नियद नेल्ला नार, अखरा निर्माण योजना जैसी योजनाओं का शुभारम्भ किया है और जनता के बीच अपनी एक अलग छवि निर्मित की है।

# जीवन का मार्गदर्शन करती है अंतःकरण की आवाज



संकलित

दर्शन

हमारे अंतःकरण की आवाज हमारी मुख्य मार्गदर्शक होती है। यही हमें सही और गलत में अंतर का आभास कराती है। मनोविज्ञान के अनुसार, जब किसी मनुष्य का कोई कार्य, विचार और अभिव्यक्ति नैतिक मूल्यों के विपरीत परिणाम देती है तो अंतर्मन की आवाज उस व्यक्ति में ग्लानि और पश्चाताप की भावना को जन्म देती है, लेकिन जब हमारे कार्य नैतिक मूल्यों के अनुरूप परिणाम देते हैं तो इससे मन भीतर से प्रसन्न होता है। आज के इस कोलाहल भरे समय में हम प्रायः अपने अंतःकरण की आवाज को सुन नहीं पाते या उसे सुनकर उस पर अपेक्षित मनन नहीं करते। यही कारण है कि हम अपने जीवन में भटकाव महसूस करते हैं। महात्मा गांधी तो अंतःकरण की आवाज को ही सर्वोच्च मानते थे। उनके कई निर्णयों का आधार ही अंतःकरण की आवाज थी। इसी कारण गांधीजी सत्य के साथ खड़े रहे। इसीलिए उनके द्वारा किए गए अधिकांश प्रयोग सफल रहे। जीवन में सदैव संतुष्ट एवं प्रसन्न रहने का सरल सा तरीका यही है कि हम अपने अंतःकरण की आवाज सुनें, क्योंकि हमारे अंदर से आने वाली आवाज प्रत्येक परिस्थिति में सही होती है। हम जब कभी भी कुछ गलती या बुरा आचरण कर रहे होते हैं, तब हम अपनी भूल को जानते हैं। हमें कुछ अटपटा सा लगता है। भीतर से आवाज आती है कि यह कार्य उचित नहीं है। यही हमारे अंतःकरण की आवाज होती है। यही आवाज हमें कुछ गलत करने से रोकती है। जब हम अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करते हैं तो अंतरात्मा से हमारा संपर्क कमजोर हो जाता है।

# समर्पित भक्त का वास वैकुन्ठ में



संकलित

प्रेरणा

एक ब्राह्मण था तथा महान भक्त था, वह मंदिर की पूजा में बहुत शानदार सेवा पेश करना चाहता था, लेकिन उसके पास धन नहीं था। एक दिन की बात है वह एक भागवत पाठ में बैठा हुआ था और उसने सुना कि नारायण मन में भी पूजे जा सकते हैं। उसने इस अवसर का लाभ उठाया क्योंकि वह एक लंबे समय से सोच रहा था कि कैसे बहुत शान से नारायण की पूजा करूं, लेकिन उसके पास धन नहीं था। जब वह यह समझ गया, कि मन के भीतर नारायण की पूजा कर सकते हैं। एक दिन वह गोदावरी नदी में स्नान करने के बाद एक पेड़ के नीचे बैठा हुआ था। अपने मन के भीतर वह बहुत खूबसूरत सिंहासन का निर्माण कर रहा था, गहनों के साथ लदी और सिंहासन पर भगवान की मूर्ति को रखते हुए, वह भगवान का गंगा, यमुना, गोदावरी, नर्मदा, कावेरी नदी के जल के साथ अभिषेक कर रहा था। फिर बहुत ही उत्तम तरह से भगवान का श्रृंगार कर और फूल, माला के साथ पूजा करते हुए, वह मीठे चावल बहुत अच्छी तरह से भोजन के रूप में पका रहा था। वह परखना चाहता था कि भोजन भोग के लिए कहीं गरम तो नहीं हैं। तो ऐसा जानने के लिए उसने भोजन में अपनी उंगली डाली तो उसकी उँगली जल गई। तब उसका ध्यान टूटा क्योंकि वहाँ कुछ भी नहीं था। केवल अपने मन के भीतर वह सब कुछ कर रहा था। लेकिन उसने अपनी उंगली जली हुइ देखी। तो वह चकित रह गया। इस तरह, वैकुन्ठ से नारायण, मुस्कुरा रहे थे। देवी लक्ष्मीजी ने पूछा- आप क्यों मुस्कुरा रहे हैं ?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### रोजगार निगल जाएगी एआई तकनीक

कुछ समय पहले अमेरिका में मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीच्यूट की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि एआई अमेरिका में भी रोजगार पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। इसमें बताया गया है कि वर्ष 2030 तक वहां बहुत से लोगों का रोजगार यह तकनीक छीन सकती है। पुरुषों से ज्यादा महिलाओं की नौकरी इस तकनीक से जा सकती है। कुछ लोग एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के अवसर में भी मौका ढूंढने के पक्ष में विचार रख रहे हैं। परिवर्तन प्रकृति का भी नियम है, लेकिन यह जरूरी नहीं कि कोई परिवर्तन हर किसी के लिए लाभदायक ही हो। यह ऐसी टैक्नोलॉजी है जो कंप्यूटर प्रोग्राम द्वारा बनाई जाती है और यह इनसान की तरह बहुत से काम भी कर सकती है। इस तकनीक का सबसे बड़ा नुकसान यह होगा कि यह रोजगार निगल जाएगी। *- प्रवीण उपाध्याय, भिलाई*

## करंट अफेयर

# पोलैंड रूस से लगती सीमा पर बिछाएगा बारूदी सुरंग

पोलैंड अपनी पूर्वी सीमा पर रूस के बढ़ते खतरे के मद्देनजर बारूदी सुरंग बिछाएगा। यह जानकारी देश के उप रक्षामंत्री पावेल जालेव्स्की ने शुक्रवार को को दी। पोलैंड विवादास्पद हथियारों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने वाले अंतरराष्ट्रीय समझौते से आधिकारिक तौर पर अलग हो गया है। वर्ष 1997 में बारूदी सुरंग पर प्रतिबंध संबंधी संधि को मंजूरी दी गई थी, जिसे ओटावा संधि के नाम से भी जाना जाता है। यह संधि हस्ताक्षरकर्ताओं को बारूदी सुरंग रखने या बिछाने से रोकती है। कंबोडिया, अंगोला और बोस्निया और हर्जेगोविना सहित देशों के पूर्व संघर्ष क्षेत्रों में इन बारूदी सुरंगों की वजह से नागरिकों को हुई



## ऑफ बीट

# मानव जैसे घरेलू रोबोट अब बाजार में, बदलेगा जीवन

पिछले वर्ष नॉर्वे-अमेरिका की प्रौद्योगिकी कंपनी वनएक्स ने एक अनोखे उत्पाद की घोषणा की- 'दुनिया का पहला मानवनुमा रोबोट, जो घरेलू जीवन को बदलने के लिए बनाया गया है।' कुल 168 सेंटीमीटर लंबा और 30 किलोग्राम वजनी 'नियो' नामक इस रोबोट की कीमत लगभग 20,000 अमेरिकी डॉलर है और यह कपड़े तह करने और बर्तन धोने जैसी घरेलू गतिविधियों को स्वचालित ढंग से करने का दावा करता है। नियो में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रणाली अंतर्निहित है, लेकिन जटिल कार्यों के लिए कंपनी का एक कर्मचारी वर्चुअल रियलिटी हेलमेट पहनकर उसे दूरस्थ रूप से नियंत्रित करता है। इस दौरान ऑपरेटर घर के भीतर, रोबोट जो भी देखता है, उसे देख सकता है



## ट्रेंड

### जीवंत ग्राम कार्यक्रम

पहले सीमावर्ती गांवो को न केवल उनकी भौगोलिक स्थिति बल्कि विकास में पिछड़ेपन के कारण भी अंतिम गांव कहा जाता था। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी ने जीवंत ग्राम कार्यक्रम के तहत उन्हें हर सुविधा उपलब्ध कराकर उन्हें पहले गांवो में बदल दिया।

-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री



### कांग्रेस ने शर्मसार किया

जब पूरा विश्व भारत के वैश्विक नेतृत्व, नवाचार और प्रौद्योगिकी दृष्टि की सराहना कर रहा है, तब राहुल गांधी और कांग्रेस एक बार फिर देश को शर्मसार करने की राजनीति में लिप्त दिखे, जिसमें सत्ता की भूख इतनी गहरी है कि राष्ट्रीय सम्मान भी दांव पर लगाने से इन्हें गुरेज नही है।

- धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री



### सिंगकॉन के निधन से दुःख

शिलांग से लोकसभा सांसद डॉ. रिकी एजे. सिंगकॉन के निधन से गहरा दुःख व्यक्त करते हैं। मेघालय की जनता और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उनके परिवार, मित्रों और समर्थकों के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं।

- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस



### करुणापूर्ण कृत्रिम बुद्धिमत्ता

हम कृत्रिम बुद्धिमत्ता की शक्ति के लिए एक बेहद प्रतिस्पर्धी दौड़ में है। हमें "नैतिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता" और "जिम्मेदार कृत्रिम बुद्धिमत्ता" से आगे बढ़कर "करुणापूर्ण कृत्रिम बुद्धिमत्ता" की ओर बढ़ना होगा।

-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल शांति पुरस्कार विजेता



## संक्षेप

### व्यापारी अपहरण-फिरौती मामले में बाल अपराधी गिरफ्तार

**55 हजार नकद, दस्तावेज और मोटरसाइकिल बरामद**

अमेठी , एक व्यापारी के अपहरण और फिरौती मामले में शामिल एक बाल अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से 55 हजार रुपये नकद, हाई स्कूल की मार्कशीट, आधार कार्ड, मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पुलिस अब उसे बाल सुधार गृह भेजने की तैयारी कर रही है। यह घटना बीते 13 फरवरी को हुई थी। मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के भीखीपुर गांव निवासी कबाड़ व्यवसायी रमन अग्रहरि का बदमाशों ने उनकी बोलेरो गाड़ी समेत अपहरण कर लिया था। बाद में परिजनों से 8 लाख रुपये की फिरौती लेकर उन्हें छोड़ा गया था।घटना के बाद पुलिस ने मामले में शामिल दो मुख्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अयोध्या पुलिस ने भी दो अन्य आरोपियों को पकड़ा था। अब गिरफ्तार किया गया बाल अपराधी घटना के दौरान अपराधियों की मदद कर रहा था। वह व्यापारी की हर गतिविधि पर नजर रख रहा था और उसकी जानकारी अपराधियों तक पहुंचा रहा था बाल अपराधी के पास से पुलिस ने 55 हजार रुपये नकद, हाई स्कूल की मार्कशीट, आधार कार्ड, घटना में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन, दो सिम कार्ड और एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

### मंदिर के पीछे जंगल में निकले विशाल अजगर

**अमेठी के गांव में हड़कंप, वन विभाग की टीम मौके पर**

अमेठी, मुसाफिरखाना स्थित पलिया-चंदापुर गांव में बजरंगबली मंदिर के पीछे जंगल में कई विशाल अजगर निकलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कीयह घटना सुबह उस समय सामने आई जब कुछ ग्रामीणों ने जंगल की ओर असामान्य हलचल देखी। करीब जाने पर उन्हें बड़े आकार के कई अजगर रेंगते हुए दिखाई दिए। इस दृश्य को देखकर ग्रामीणों में भय फैल गया। देखते ही देखते यह खबर पूरे गांव में आग की तरह फैल गई। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। सुरक्षा के मद्देनजर बच्चों और महिलाओं को घटनास्थल से दूर रहने को कहा गया। कई ग्रामीणों ने अजगरों के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किए, जिससे यह घटना आसपास के क्षेत्रों में भी चर्चा का विषय बन गई। ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर के पीछे घना जंगल और झाड़ियां होने के कारण जंगली जीवों का आना-जाना लगा रहता है। इस घटना के बाद गांव में कुछ समय के लिए डर और अफरा-तफरी का माहौल रहा। डीएफओ रणवीर मिश्र ने बताया कि ग्रामीणों से मिली सूचना के बाद वन विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है। ग्रामीणों ने वन विभाग से जंगल की नियमित निगरानी और साफ-सफाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके। सौभाग्य से इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

# नोडल शिक्षकों की एक दिवसीय स्कूल रेडीनेस कार्यशाला आयोजित

## उन्मुखीकरण कार्यशाला में दी स्कूल रेडीनेस गतिविधियों की जानकारी

**नोडल शिक्षकों एवं सुपरवाइजरों को किया प्रशिक्षित**

अमन लेखनी समाचार




बहराइच। जनपद के को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों, बाल वाटिका में स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु नोडल शिक्षकों एवं आईसीडीएस विभाग की सुपरवाइजरों की एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पयागपुर में किया गया।डाइट प्राचार्य आशीष कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में जिला समन्वयक प्रशिक्षण प्रदीप वर्मा,डायट प्रवक्ता गोविंद किशोर,आशीष कुमार, एसआरजी सुधीर कुमार मल्होत्रा व संदर्भदाता राजेश कुमार मिश्रा ने प्रतिभागियों को स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम के सफल संचालन से संबंधित गतिविधियों की जानकारी दी। डायट प्राचार्य आशीष कुमार सिंह ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य जनपद के को- लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों, बाल वाटिका में कक्षा 01 में नवप्रवेशित बच्चों को पूर्व प्राथमिक से संबंधित भाषा, आरंभिक अंकीय दक्षता एवं पर्यावरण से संबंधित पूर्व अवधारणा से अवगत कराते हुए औपचारिक शिक्षा के लिए तैयार करने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित करने वाले संदर्भदाताओं का उन्मुखीकरण करना है।इस प्रशिक्षण में बाल वाटिका, स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम, दैनिक, साप्ताहिक एवं वार्षिक शिक्षण कार्य एवं गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद के प्रत्येक न्यायपंचायत से एक-एक नोडल शिक्षकों के साथ समेकित बाल विकास विभाग से सुपरवाइजरों को भी प्रशिक्षित किया गया। सभी प्रशिक्षित नोडल अपनी न्याय पंचायत के शिक्षकों तथा कार्यकर्त्रियों को प्रशिक्षित करेंगे।प्रशिक्षण कार्यक्रम में साकेत भूषण तिवारी, अरुण अवस्थी, अभिषेक दीक्षित, राम मूर्ति शुक्ला, प्रभात सिंह, राकेश यादव, अतुल मिश्रा, सुपरवाइजर सपना मौर्या, लता मिश्रा आदि सहित भारी संख्या में शिक्षको एवं सुपरवाइजरों को प्रशिक्षित किया गया।

# नेपाल में बड़ा सड़क हादसा, यात्रियों से भरी बस त्रिशूली नदी में गिरी, 19 की मौत

अमन लेखनी समाचार/मोहम्मद कौसर



रूपईडीहा, बहराइच। पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल में सोमवार को एक भीषण सड़क हादसे में कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 अन्य घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब बस न0ग 2 ख 1421 पोखरा से काठमांडू जा रही थी। जिला प्रहरी कार्यालय धादिंग के अनुसार यात्रियों से भरी बस पृथ्वी राजमार्ग अंतर्गत बेनीघाट रोराग गांवपालिक के भैंसी गांवरा नमक स्थान पर अनियंत्रित होकर त्रिशूली नदी में गिर गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बस में कुल 44 यात्री सवार थे। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि मौके पर ही 6 महिलाओं समेत 19 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में कई विदेशी नागरिक भी शामिल बताए जा रहे हैं, हालांकि उनकी पहचान की आधिकारिक पुष्टि अभी जारी है।19 मृतकों में अब तक कुल 9 लोगों की शिनाख्त हो सकी है जिसमें एक इंग्लैंड की नागरिक 24 वर्षीय स्टेवर्ड डोमिनिक इथान की पहचान हो सकी है। हादसे में घायल हुए 25 लोगों को तत्काल नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, सेना और स्थानीय प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंच गईं और राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। नदी में गिरी बस को निकालने तथा लापता यात्रियों की तलाश के लिए अभियान जारी है।

प्रशासन ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।प्रारंभिक आशंका है कि बस तेज रफ्तार या सड़क की खराब स्थिति के कारण अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरी।

# कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की आयोजित हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली में आगामी होली और माहे रमजान पर्वों के मद्देनजर सोमवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक अपर पुलिस अधीक्षक प्रेम चन्द और क्षेत्राधिकारी सोनम सिंह के नेतृत्व में हुई। बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी ने उपस्थित धर्म गुरुओं एवं गणमान्य व्यक्तियों से कहा कि सफीपुर में गंगा जमुनी तहजीब व कौमी एकता को ध्यान में रखते हुए सभी पर्व आपसी प्रेम एवं भाईचारे के साथ मनाएं तथा शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने का आग्रह किया। उन्होंने होलिका दहन से संबंधित जानकारी ली और सभी क्षेत्रवासियों से इन पर्वों को आपसी प्रेम, सौहार्द तथा गंगा-जमुनी तहजीब के साथ मनाने की अपील की।

अपर पुलिस अधीक्षक ने अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने का भी आग्रह किया।कोतवाली क्षेत्र होलिका दहन 184 स्थान पर किया जाएगा.

क्षेत्राधिकारी सोनम सिंह ने स्पष्ट किया कि होली के दौरान किसी भी प्रकार की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और शरारती तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया बिना परमिशन के कोई भी डीजे बजता

दिखाई दिया तो उस पर कार्रवाई की जाएगी. परमिशन लेकर ही डीजे बजाये.इस अवसर पर प्रशिक्षु आईपीएस संवित शर्मा, डॉ बृजेश सिंह नगर पंचायत से लिपिक होरीलाल तथा ग्राम पंचायत विकास अधिकारी एवं क्षेत्र ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# पत्नी के वियोग में युवक ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में एक युवक ने सोमवार सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह अपनी पत्नी के सात साल पहले छोड़कर चले जाने से तनाव में था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। यह घटना नूरुल्लानगर गांव की है। मृतक की पहचान 36 वर्षीय अमर बहादुर पुत्र शिव बरन के रूप में हुई है। अमर बहादुर की पत्नी सात साल पहले उसे छोड़कर अपनी दो बेटियों के साथ चली गई थी और उसने किसी अन्य व्यक्ति से शादी कर ली थी। इस घटना के बाद से अमर बहादुर मानसिक तनाव में था।सोमवार सुबह अमर बहादुर ने अपने घर के दरवाजे पर रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। ग्रामीणों ने शव को लटका देखा तो तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।अमर बहादुर मजदूरी करके अपना जीवन यापन कर रहा था। वह अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसके छोटे भाई संदीप की एक साल पहले कीटनाशक निगलने से मौत हो चुकी थी। सबसे छोटा भाई वीरेश है। उसकी दो बहनें, शशि और सविता, विवाहित हैं और अपने ससुराल में रहती हैं। कुछ साल पहले उसकी मां कलावती का भी निधन हो चुका था। अमर बहादुर अकेला रहता था और पत्नी के वियोग में तनावग्रस्त रहता था।इस संबंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। परिजनों ने इस मामले में किसी तरह का कोई आरोप नहीं लगाया है।

# रेल पटरी पर लेटकर युवक ने मॉलगाड़ी से कटकर दी अपनी जान

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गांव हिन्दपाल खेड़ा के लोधन पुरवा मोहल्ले में रविवार रात एक युवक ने रेल पटरी पर लेटकर मालगाड़ी से कटकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, हिन्दपाल खेड़ा निवासी सर्वेश कुमार (30) पुत्र होरीलाल, जो अविवाहित था, अपनी मां, बड़े भाई और भाभी के साथ रहता था। रविवार शाम करीब 8:30 बजे किसी बात को लेकर वह नाराज होकर घर से निकल गया। इसके बाद गांव से लगभग 500 मीटर दूर रेलवे पटरी पर पुल संख्या 159/4 के पास जाकर करीब 9:30 बजे गुजर रही मालगाड़ी के सामने पटरी पर लेट गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

रात में घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश की। सोमवार सुबह खेतों की ओर गए ग्रामीणों ने रेलवे पटरी पर युवक का शव पड़ा होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी।

भाई मिथिलेश कुमार की सूचना पर कोतवाली प्रभारी राजपाल व लाल कुआं चौकी इंचार्ज सुनील कुमार अवस्थी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घटना के बाद मृतक की मां गिरिजा कुमारी व भाभी रेनू का रो-रोकर बुरा हाल है।कोतवाल राजपाल ने बताया कि परिजनों द्वारा किसी प्रकार का आरोप नहीं लगाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कांग्रेस कार्यालय के बाहर भाजपा-कांग्रेस कार्यकताओं में जमकर नारेबाजी

**पुलिस ने संभाली स्थिति, एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर लौट रहे थे भाजपाई**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी, शहर में कांग्रेस कार्यालय के बाहर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस कार्यकताओं के बीच जमकर नारेबाजी हुई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए भारी पुलिस बल को हस्तक्षेप करना पड़ा। भाजपा कार्यकर्ता एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर लौट रहे थे, तभी यह घटना हुई। दरअसल, यह घटना दिल्ली के भारत मंडपम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा किए गए कथित विवाद के विरोध में हुई। भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता इस घटना से नाराज थे और उन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम प्रीति तिवारी को सौंपा।ज्ञापन सौंपने के बाद, भाजपा नेता और कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए कांग्रेस कार्यालय की ओर बढ़ने लगे। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन वे कांग्रेस कार्यालय तक पहुंच गए। इसी दौरान, कांग्रेस कार्यालय में मौजूद युवा जिलाध्यक्ष शुभम सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता बाहर आ गए। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर नारेबाजी शुरू हो गई, जिससे तनाव बढ़ गया मौके पर मौजूद सीओ अखिलेश वर्मा और भारी पुलिस बल ने तुरंत हस्तक्षेप किया। पुलिस ने दोनों पक्षों को मौके से हटाकर स्थिति को नियंत्रित किया, जिसके बाद मामला शांत हुआ। भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विषुव मिश्र ने बताया कि आज पूरे देश में युवा मोर्चा द्वारा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली में आयोजित एआई समिट में कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा भारत की गरिमा को ठेस पहुंचाने का प्रयास किया गया।

# बोर्ड परीक्षा केंद्र पर छात्र को पीटा

## मोबाइल लेकर गोपीराम पालीवाल इंटर कॉलेज में एग्जाम देने आया था

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़, यूपी बोर्ड की 12वीं की परीक्षा के दौरान गोपीराम पालीवाल इंटर कॉलेज में जमकर हंगामा हुआ। परीक्षार्थी ने आरोप लगाया है कि मोबाइल मिलने की बात पर शिक्षकों ने उसे एक कमरे में बंद कर दिया। उसे बेल्ट, डंडों और लात-घूंसों मारा। घटना का वीडियो सामने आया है। जिसमें छात्र के मुंह से खून निकलता दिख रहा है। उसने आरोपी टीचर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।आदर्श ज्ञान इंटर कॉलेज का परीक्षा केंद्र गोपीराम पालीवाल विद्यालय में है। दोपहर करीब 1:25 बजे दूसरी पाली में अंग्रेजी की परीक्षा शुरू होने वाली थी। चेकिंग के दौरान छात्र यश कुमार के पास मोबाइल फोन मिला। यश के भाई दिव्यांश का कहना है कि यश ने गेट पर फोन जमा करने के लिए पूछा तो उसे अंदर जाने को कहा गया। जैसे ही वह अंदर पहुंचा तो कॉलेज स्टाफ ने उसे कमरे में बंद कर पीटना शुरू कर दिया। उधर, स्कूल प्रबंधन का कहना है कि छात्र मोबाइल क्लास के अंदर ले जाने पर अड़ा था और मना करने पर अभद्रता करने लगा।

### डॉक्टरी परीक्षण कराकर कानूनी कार्रवाई की मांग

पीड़ित छात्र के भाई दिव्यांश कुमार ने गांधीपार्क थाने में तहरीर दी है। तहरीर में कहा गया है कि यश को कॉलेज के समस्त स्टाफ ने मिलकर कमरे में बंद किया और बेल्ट-डंडों से पीटा, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। भाई ने पुलिस से छात्र का मेडिकल परीक्षण कराने और आरोपी स्टाफ पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### एबीवीपी ने किया हंगामा

मारपीट की सूचना मिलते ही एबीवीपी के छात्र नेता कॉलेज पहुंच गए। उन्होंने कॉलेज के गेट पर नारेबाजरी करते हुए कार्रवाई की मांग की। हालांकि कॉलेज प्रबंधन ने मोबाइल जमा होने के बाद छात्र को परीक्षा देने दी।

### परीक्षा में मोबाइल प्रतिबंधित

डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह का कहना है कि परीक्षा में मोबाइल लाना प्रतिबंधित है। छात्र मोबाइल साथ ले जाने पर अड़ा था, इसी बात पर बहस हुई। मारपीट जैसी कोई बात नहीं हुई है। वहीं, प्रधानाचार्य दीपक पालीवाल का कहना है कि छात्र के मोबाइल लाने पर विवाद हुआ था।

# पुलिस के सामने राहुल गांधी का पुतला फूंका

**भाजयुमो का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, एआई समिट पर जताया विरोध**

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर , भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) युवा मोर्चा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंका। कार्यकताओं ने इस दौरान नारेबाजी की और कलेक्ट्रेट में सिटी मजिस्ट्रेट को एक ज्ञापन सौंपा। यह प्रदर्शन भारत मंडपम में आयोजित अक इम्पैक्ट समिट के दौरान कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा कथित अभद्र प्रदर्शन और देश की छवि धूमिल करने के विरोध में किया गया। भाजपा युवा मोर्चा ने कांग्रेस और राहुल गांधी के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। सुल्तानपुर में कलेक्ट्रेट गेट के सामने नगर कोतवाल सहित कई पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में यह प्रदर्शन हुआ। भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष चंदन नारायण सिंह के नेतृत्व और प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह की अगुवाई में सैकड़ों पदाधिकारियों ने राहुल गांधी का प्रतीकात्मक पुतला फूंका। प्रदर्शन के दौरान ₹गली-गली में शोर है, राहुल गांधी चोर है₹ और ₹राहुल गांधी मुदार्बादद₹ जैसे नारे लगाए गए।इसके बाद, कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि इस घटना के पीछे के मुख्य सूत्रधारों की पहचान की जाए और भविष्य में ऐसे अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में बाधा डालने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह ने इस दौरान कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में देश की स्थिति खराब थी, जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले दस सालों में भारत का मान बढ़ाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस को यह बात अखर रही है कि प्रधानमंत्री कैसे इतनी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने दिल्ली में चार दिन पहले हुई अक समिट का भी जिक्र किया

# सामूहिक दुष्कर्म मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**पॉक्सो एक्ट में दर्ज था मुकदमा, न्यायिक अभिरक्षा में किशोर**

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ , संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र में सामूहिक दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के एक मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक विधि विरुद्ध बालक को भी पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है।संग्रामगढ़ पुलिस ने शनिवार को थाना क्षेत्र के रजैशा चौराहे के पास से वांछित आरोपी विपिन पटेल को गिरफ्तार किया। विपिन पटेल (लगभग 20 वर्ष) देवीदीन का पुरवा पनिगौ, थाना मानिकपुर का निवासी है। उसे धारा 70(2) बीएनएस और 5 /6 पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह कार्रवाई मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर की। वांछित अभियुक्तों की तलाश के दौरान उन्हें पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपी और विधि विरुद्ध बालक को नियमानुसार थाने लाकर आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी की जा रही हैपुलिस के अनुसार, मामले में साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। विधि विरुद्ध बालक के संबंध में किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

# एसबीआई ने दुर्घटना पीड़ित परिवार को दी बीमा सहायता

**लालगंज की अगई शाखा ने मानवीय पहल कर निभाया सामाजिक दायित्व, 20 लाख का चेक प्रदान किया**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , लालगंज तहसील क्षेत्र में शनिवार को एक दुर्घटना में बेटे को खोने वाले परिवार को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अगई शाखा से 20 लाख रुपये की बीमा सहायता मिली है। बैंक ने यह राशि व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा पॉलिसी के तहत प्रदान की है।लालगंज तहसील के बेवली गांव निवासी मो. नसीम खान के 26 वर्षीय पुत्र मो. शकील खान की हाल ही में एक दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। शकील मिजार्पुर गए थे, जहां विंध्याचल धाम के पहाड़ा रेलवे स्टेशन के पास वह हादसे का शिकार हो गए। मृतक शकील का खाता भारतीय स्टेट बैंक की अगई शाखा में था। बैंक कर्मियों ने उनके खाते के साथ मात्र एक हजार रुपये वार्षिक प्रीमियम पर व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा भी कराया था। परिवार को इस बीमा पॉलिसी की जानकारी नहीं थी। बैंक प्रबंधन ने स्वयं पहल करते हुए परिवार को योजना से अवगत कराया और सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करवाईं, जिसके बाद 20 लाख रुपये की बीमा राशि स्वीकृत की गई। शनिवार को अगई शाखा परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक आलोक रंजन मिश्र और क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश कुमार पांडेय ने मृतक के पिता मो. नसीम खान को 20 लाख रुपये का प्रतीकात्मक चेक सौंपा। मो. नसीम खान ने इस अवसर पर कहा कि इस कठिन समय में बैंक ने उनके परिवार को सहारा दिया है। शाखा प्रबंधक आलोक रंजन मिश्र ने कहा कि बैंकिंग सेवा केवल वित्तीय लेन-देन तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाना भी बैंक का कर्तव्य है।

## संक्षेप

### तीन अवैध कॉलोनियां ध्वस्त

**प्रशासन ने बिना नक्शा पास कराए बन रही कॉलोनियों पर चलाया बुलडोजर**

बागपत, शहर कोतवाली क्षेत्र में प्रशासन ने तीन अनाधिकृत कॉलोनियों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। ये कॉलोनियां बिना नक्शा पास कराए करीब 17,000 वर्ग मीटर भूमि पर विकसित की जा रही थीं। ये अवैध कॉलोनियां बागपत शहर कोतवाली क्षेत्र के मेरठ और चमरावल रोड पर काटी जा रही थीं। प्रशासन को शिकायतें मिली थीं कि अनधिकृत रूप से कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा है अधिकारियों की जांच में कालोनियां अवैध पाई गई थी जिसके बाद इन पर कार्रवाई शुरू की गईशिकायतों के आधार पर प्रशासन की टीम ने इन कॉलोनियों को चिन्हित किया और कार्रवाई की। ध्वस्त की गई संरचनाओं में कॉलोनियों में बनाए गए रास्ते, निमार्णाधीन दीवारें और कॉलोनाइजर के कार्यालय शामिल हैं। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि भविष्य में कोई भी व्यक्ति अनाधिकृत रूप से कॉलोनी विकसित करने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### होली को लेकर खाद्य विभाग की टीम अलर्ट

**11 से ज्यादा नमूने जांच को भेजे, लोगों से सावधान रहने की अपील की**

बागपत , होली के त्योहार को देखते हुए खाद्य विभाग की टीम सक्रिय हो गई है। मिलावटी खाद्य वस्तुओं के खिलाफ एक बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। विभाग ने अब तक विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर 11 से अधिक खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे हैं। इन नमूनों में मावा, पनीर, दूध, खोया और विभिन्न प्रकार की मिठाइयां शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, बागपत से दिल्ली जाने वाले मावे, खोया और पनीर के सैंपल भी लिए गए हैं, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। शामली और मुजफ्फरनगर के रास्ते बागपत से होकर दिल्ली जाने वाले सामान के भी कई नमूने लिए गए हैं।सहायक आयुक्त खाद्य, डीपी सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर यह चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दुकानदारों को भी सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे खाद्य पदार्थों में किसी भी प्रकार की मिलावट न करें, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी।डीपी सिंह ने आम जनता से भी सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि वे कोई भी वस्तु खरीदने से पहले उसकी जांच-पड़ताल करें।

### जिला पंचायत कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**डीएम ने पुरानी धरोहर इमारतों के संरक्षण और व्यवस्था सुधार के दिए निर्देश**

बागपत, जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने मंगलवार को जिला पंचायत कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय परिसर में साफ-सफाई, कर्मचारियों की उपस्थिति और अभिलेखों के रखरखाव का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने पुरानी धरोहर इमारतों के संरक्षण और कार्यालय व्यवस्था में सुधार के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान, जिलाधिकारी ने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया और कर्मचारियों की समयबद्ध उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# मैं भाग नहीं रहा हूं, सामना करूंगा :अविमुक्तेश्वरानंद

## रोती महिला भक्त को समझाया- गुरु गड़बड़ निकल जाए तब रोना

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ बच्चों से यौन शोषण की ऋकफ होने के बाद प्रयागराज पुलिस ने जांच तेज कर दी है। सोमवार दोपहर पुलिस टीम वाराणसी पहुंची। टीम शंकराचार्य से पूछताछ कर सकती है। जरूरत पड़ने पर गिरफ्तारी भी कर सकती है। इधर, सोमवार सुबह शंकराचार्य ने वाराणसी के आश्रम में वकीलों के साथ बैठक की। माना जा रहा कि वे गिरफ्तारी से बचने के लिए हाईकोर्ट का रुख कर सकते हैं। बैठक के बाद शंकराचार्य ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा-मैं कहीं भाग नहीं रहा हूं।पुलिस का सामना करूंगा। जिन छात्रों के यौन शोषण का आरोप लगा है, वे उनके गुरुकुल के नहीं हैं। जनता को यूपी पुलिस पर भरोसा नहीं है, जहां भाजपा सरकार नहीं है, उस राज्य की पुलिस से जांच कराई जाए। एक महिला आज सुबह अविमुक्तेश्वरानंद का आशीर्वाद लेने पहुंची। वह शंकराचार्य पर लगे आरोपों से भावुक हो गई और फूट-फूटकर रोने लगी। शंकराचार्य ने उसे समझाया। कहा- रोना तब, जब गुरु गड़बड़ निकल जाए। रविवार को पुलिस शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी के साथ माघ मेला क्षेत्र पहुंची। वहां उस स्थान का निरीक्षण किया गया, जहां शंकराचार्य का शिविर लगा था। पुलिस ने शिविर के आने-जाने के रास्तों और आसपास के इलाके का नक्शा तैयार किया। दरअसल, 24 जनवरी को आशुतोष महाराज ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की थी। उन्होंने माघ मेला-2026 और महाकुंभ-2025 के दौरान बच्चों के साथ यौन शोषण के आरोप लगाए थे। इसके बाद 8 फरवरी को उन्होंने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए प्रयागराज की स्पेशल पॉक्सो कोर्ट में केस दायर किया 13 फरवरी को दो बच्चों को कोर्ट में पेश किया। 21 फरवरी को बच्चों के बयान कैमरे के सामने दर्ज किए गए। कोर्ट के आदेश पर उसी दिन झूंसी थाने में ऋकफ हुई। मामले में अविमुक्तेश्वरानंद, उनके शिष्य मुकुंदानंद और 2 3 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। अखिलेश बोले- भाजपा ने फिर साबित किया कि किसी की सगी नहींशंकराचार्य पर ऋकफ को लेकर अखिलेश यादव ने यूपी सरकार पर हमला बोला। कहा- भाजपा हटाओ, सनातन बचाओ। सच्चे संतों का अपमान करके भाजपा ने फिर साबित कर दिया है कि सिवाय अपनी पैसों की भूख और खुदगर्जी के, वो किसी की भी सगी नहीं है।भाजपाई की ये पुरानी कु-कार्यशैली है कि जो भी भाजपाइयों के जुल्म, ज्यादती और जुर्म के खिलाफ आवाज उठाता है, उसे भाजपाई झूठे आरोपों से धमकाने, दबाने, मिटाने की साजिश करते हैं। भ्रष्ट-भाजपाई, उनके मुखबिर संगी-साथी और सत्ता सजातीय वाहिनी की बिगड़ी-तिकड़ी नकारात्मकता का आपराधिक त्रिगुट है, जिसका मंसूबा धन-कमाने के लिए सत्ता हासिल करना है।

# स्कूली बच्ची पर चढ़ा ट्रक, सिर धड़ से अलग

## बैग कंधे पर टंगा रहा; प्रयागराज में मामा के साथ बाइक से जा रही थी

अमन लेखनी समाचार



फलीशा, मृतक

प्रयागराज , स्कूल जा रही 10 साल की बच्ची के ऊपर से ट्रक गुजर गया। उसका सिर धड़ से अलग हो गया। हादसा इतना भीषण था कि सिर सड़क पर ही चिपक गया। उसकी मौके पर मौत हो गई। बच्ची के कंधे पर स्कूली बैग टंगा रहा। सोमवार सुबह बच्ची मामा और भाई के साथ बाइक से स्कूल जा रही थी, तभी सामने से रॉन्ग साइड में आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बच्ची सड़क की ओर गिर गई ।जबकि मामा और छोटा भाई दूसरी ओर गिर गए। तभी पीछे से आ रहे ट्रक के पहिए के नीचे बच्ची आ गई और सिर पूरी तरह से सड़क में चिपक गया हादसे की दिल दहला देने वाली तस्वीर सामने आई है। इसमें दिख रहा कि मामा बच्ची के शव के बगल में बैठा हुआ है। सड़क पर बच्ची का खून बिखरा है। मामा रोते हुए घरवालों को हादसे की जानकारी दे रहा है। हादसा नैनी सेंट्रल जेल के सामने हुआ। यहां से बच्ची का स्कूल सिर्फ 500 मीटर दूर है। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर भाग गया। इसकी जानकारी मिलते ही बच्ची का परिवार मौके पर पहुंच गया। परिवार वाले शव देखकर चीखने लगे ।इसके बाद शव सड़क पर रखकर बैठ गए। हादसे के बाद प्रयागराजझमिजार्पुर हाईवे पर करीब एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया। हालांकि, पुलिस ने बाद में परिजनों को समझाकर जाम खुलवाया। बच्ची फलीशा ( 10 ) महेवा की रहने वाली थी। वह अपने भाई के साथ बेथनी कॉन्वेंट स्कूल में पढ़ती थी। फलीशा के पिता का निधन तीन साल पहले हो गया था। मां रोजी प्राइवेट स्कूल में पढ़ाती हैं। वह बच्चों के साथ भाई के घर पर ही रहती हैं। 6 हजार सैलरी, 42 सौ फीस; 2 दिन बाद था बर्थ-डे मामा वलीउल्लाह ने बताया- फलीशा की मां रहमतुलनिशा महेवा के ही आरएनटी पब्लिक स्कूल में टीचर हैं। रहमतुलनिशा को स्कूल से 6 हजार सैलरी मिलती है। फलीशा उनकी इकलौती बेटी थी। बेटी को अच्छी एजुकेशन के लिए रहमतुलनिशा उसे अच्छे स्कूल में पढ़ा रही थी।

वही जीने का सहारा थी। उसके बर्थडे की तैयारी भी चल रही थी। बर्थ-डे 2 दिन बाद 25 फरवरी को था।

# इन्फ्लुएंसर शादाब जकाती स्टे लेने हाईकोर्ट पहुंचे

**अपहरण वह अन्य मुकदमे का मामला, 10 साल तक की सजा होने की आशंका**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , इंचोली थाना क्षेत्र के इंचोली गांव निवासी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शादाब जकाती विवादों में घिरे हुए हैं। उन पर एक महिला सहयोगी ने अपहरण सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। इस मामले में गिरफ्तारी से बचने के लिए शादाब जकाती शनिवार को हाई कोर्ट पहुंचे। शादाब जकाती पर उनकी एक महिला कार्यकर्ता ने अपहरण समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। हालांकि, अभी तक उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई है। यह मामला लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। बताया जा रहा है कि इससे पहले राहुल ठाकुर नामक व्यक्ति ने हाई कोर्ट में शादाब जकाती की स्टे याचिका को रुकवा दिया था। राहुल ठाकुर ने एक वीडियो जारी कर जानकारी दी है कि शादाब जकाती शनिवार को फिर से हाई कोर्ट में स्टे लेने पहुंचे हैं। शादाब जकाती को इस मामले में 10 साल तक की सजा होने की आशंका है, जिसके चलते वे अग्रिम जमानत या स्टे की मांग कर रहे हैं। राहुल ठाकुर के अनुसार, हाई कोर्ट ने अब इस मामले की सुनवाई के लिए सोमवार का दिन निर्धारित किया है। राहुल ठाकुर ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा है कि जब शादाब जकाती पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है और वह खुलेआम घूम रहा है, तो पुलिस उसे गिरफ्तार क्यों नहीं कर रही है। इंचोली थाना क्षेत्र में यह चर्चा फैल रही है कि पुलिस ने शादाब जकाती के साथ मिलीभगत कर ली है। थाना अध्यक्ष और अन्य पुलिसकर्मियों पर भी इस मामले में निष्क्रियता के आरोप लग रहे हैं।

# अवैध मौरग लदे ट्रैक्टर पर प्रशासन ने की कार्यवाही

## मुखबिर की सहायता से चौकी प्रभारी ने एक ट्रैक्टर किया सीज

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अमौली कस्बे में वर्षों से चला आ रहा अवैध मौरम के कारोबार से मुख्य मार्गो की दशा दुर्दशा में बदल चुकी है चौकी प्रभारी अमौली दिग्विजय सिंह ने गस्त के दौरान कल सुबह पहर एक ट्रैक्टर को धर दबोचा पकड़ा गया अवैध मौरम लदा ट्रैक्टर चौकी पहुंचा जहां चौकी प्रभारी ने ट्रैक्टर को सीज कर विधिक कार्यवाही की दलालों की पल्लेदारी के कारण यह धंधा अवैध रूप से कस्बे समेत क्षेत्र के अन्य कई स्थानों में वर्षों से फल फूल रहा है जहां कई बार मीडिया द्वारा मुद्दा उठाने पर उच्च अधिकारी उप जिला अधिकारी तथा खनन अधिकारियों ने छापेमारी करते हुए कार्यवाही की परंतु इस कार्यवाही का अवैध मौरम माफिया दलालों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा नजदीकी जनपद हमीरपुर से आने वाली मोरम अवैध रूप से अमौली कस्बे के नंदनी गेस्ट हाउस मेला मैदान खजुहा रोड घाटमपुर रोड तथा मकन्दापुर मोड में दलालों के माध्यम से निरंतर कारोबार फैला रही हैं हैरतअंगेज बात यह है कि अवैध रूप से आने वाली इस सोने से लदी ट्राली ट्रैक्टरों पर नंबर प्लेट तक गायब रहती है इस मामले को लेकर क्षेत्रीय नागरिकों ने इस अवैध कारोबार के पीछे समाजसेवियों तथा प्रशासन की भी संलिप्तता बताई जहां क्षेत्रीय नागरिकों ने कहा कि यदि किसी गाड़ी में नंबर प्लेट नहीं है तो प्रशासन उस पर कार्यवाही क्यों नहीं करता जबकि प्रतिदिन सुबह 4 बजे से दोपहर तक कस्बे के चारों ओर अवैध लदे सैकड़ो ट्रैक्टर मौजूद रहते हैं वास्तव में यह एक सोचनीय विषय है इसी मुद्दे को लेकर चौकी प्रभारी ने अपना जाल बिछाते हुए एक ट्रैक्टर पर कार्यवाही करने पर कामयाबी पाई प्रशासन के तेवर यदि इसी प्रकार सख्त रहे तो निश्चित रूप से अमौली कस्बे में अवैध मौरम का दशकों से चला आ रहा कारोबार नष्ट नाबूत हो सकता है

# सिपाही से मारपीट, पांच लाख की चेन लूटी

**चार युवकों पर हमला और लूट का आरोप, मामला दर्ज**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , जागृति विहार सेक्टर-7 स्थित चौराहे पर देर रात यूपी पुलिस के एक सिपाही के साथ मारपीट और लूट की घटना सामने आई है। शराब के नशे में धुत चार युवकों ने सिपाही पर हमला कर करीब पांच लाख रुपये कीमत की सोने की चेन लूट ली। पीड़ित सिपाही मुकेश जादौन, जो जागृति विहार सेक्टर-7 के निवासी हैं, ने मेडिकल थाने में तहरीर देकर चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सिपाही के अनुसार, रात करीब 11 बजे वह चौराहे के पास मौजूद थे। तहरीर में सूरज गुप्ता, उसके पिता सुनील गुप्ता, अर्जुन गुर्जर और आकाश तोमर को आरोपी बनाया गया है। आरोप है कि चारों युवक शराब के नशे में थे और उन्होंने गाली-गलौज करते हुए सिपाही से मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर एक आरोपी ने नुकीली वस्तु से हमला किया, जिससे सिपाही की आंख के नीचे चोट आई। इसके बाद चारों ने मिलकर लात-घूंसों से पिटाई की।

मारपीट के दौरान सिपाही के गले से करीब 3.15 तोले की सोने की चेन गायब हो गई, जिसकी कीमत लगभग पांच लाख रुपये बताई जा रही है। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचने लगे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।पाही का मेडिकल परीक्षण कराया और आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आरोपियों में से एक आकाश तोमर को भाजपा नेता बताया जा रहा है।

# भाजपाइयों ने सड़क पर उतरकर राहुल गांधी का पुतला फूंका

## गाजियाबाद में पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर भी नारेबाजी की

अमन लेखनी समाचार




गाजियाबाद, भारत मंडपम में कांग्रेस पार्टी के युवा विंग की ओर से की गई कथित आपत्तिजनक हरकत के विरोध में आज भाजपाई सड़क पर उतरे। इखढ युवा मोर्चा, महानगर गाजियाबाद द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने किया। आरडीसी राजनगर चौक पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया। इसके बाद ऊट के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संबंधित प्रकरण पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है।

### राष्ट्र की एकता हमारे लिए सर्वोपरि

महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा- राष्ट्र की एकता, अखंडता और सम्मान हमारे लिए सर्वोपरि हैं। भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को आघात पहुंचाने वाली किसी भी गतिविधि को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा कभी स्वीकार नहीं करेगा। देश की गरिमा के विरुद्ध की जाने वाली हर साजिश का लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से पुरजोर विरोध किया जाएगा। इस दौरान राहुल गांधी और कांग्रेस के खिलाफ भाजपाइयों ने नारेबाजी भी की।

### यह रहे मौजूद

कार्यक्रम में राम त्यागी, संदीप चौधरी, मोनू त्यागी, ओम राजपूत, पुष्पेंद्र गुप्ता, नीरज त्यागी, राहुल तोमर, ललित त्यागी, सचिन त्यागी, आशीष त्यागी, सुनील शर्मा, विकास शर्मा, सौरभ त्यागी, पंकज भारद्वाज, लीलू प्रधान, रॉबिन बढ़ाना, विवेक त्यागी, राहुल त्यागी, आशु गुर्जर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एनकाउंटर का डर दिखाकर 20 लाख वसूलने वाले दरोगा अरेस्ट

## प्रयागराज में दोनों को दौड़ाकर पकड़ा, कारोबारी को किडनैप किया था

अमन लेखनी समाचार



लोकेंद्र साहू, SI    महेश कुमार, SI

मेरठ, एनकाउंटर का डर दिखाकर धागा कारोबारी से 20 लाख रुपये वसूलने वाले दो दरोगाओं को पुलिस ने प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया है। दोनों दरोगा पिछले 10 दिनों से फरार चल रहे थे। मेरठ पुलिस को इनपुट मिला था कि दोनों आरोपी प्रयागराज में एक वकील से मिलने पहुंचेंगे। वे वकील के जरिए हाईकोर्ट में अपील कर गिरफ्तारी से बचने की तैयारी में थे। सूचना मिलते ही मेरठ पुलिस की टीम प्रयागराज पहुंच गई। शाम जैसे ही दोनों दरोगा-लोकेंद्र साहू और महेश गंगवार-वकील के चेंबर में पहुंचे, पुलिस ने उन्हें घेर लिया। दोनों ने भागने की कोशिश की लेकिन पुलिसकर्मियों ने दौड़ाकर उन्हें पकड़ लिया। दोनों दरोगा लोहियानगर थाने में तैनात थे।

जबरन कार में बैठाया, कहा- फंड़िंग करता है, रासुका लगाएंगे मेरठ शहर के इस्लामाबाद रिक्शा रोड निवासी रासिख की एमएसआरएस टेक्सटाइल नाम की फर्म है। कारोबारी ने बताया- 8 आठ दिसंबर को मैं नौचंदी के पास से अपनी दुकान से लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में आजाद रोड पर एक कार आकर रुकी। उसमें पुलिस के दो दरोगा थे। एक कार से नीचे उतरा और जबरन मुझे गाड़ी में डाल लिया। धमकाते हुए कहा- फंडिंग करता है। तेरे पर रासुका लगाएंगे। दोनों दरोगा उसे हापुड़ ले गए। उस पर हवाला का पैसा मंगाकर फंडिंग करने का आरोप लगाया।

### रास्तेभर टॉर्चर किया, मेरी तबीयत बिगड़ने लगी

कारोबारी ने बताया- रास्ते भर उसे बुरी तरह टॉर्चर किया, जिससे मेरी तबीयत बिगड़ने लगी। हापुड़ ले जाकर गोली मारने की धमकी दी। हवाला में पैसा लगाने का आरोप लगाया। हापुड़ से लौटते वक्त दोनों दरोगा रासिख को अल्लीपुर के जंगल ले गए। वहां मनमानी वीडियो बनवाई। इतना डरा दिया कि मैं खुद को बचाने के लिए वही करने लगा, जो दरोगा बोलते गए। दरोगाओं ने तत्काल 50 लाख रुपए की व्यवस्था करने का दबाव बनाया। कहा- रकम आते ही छोड़ देंगे। नहीं तो गोली मारकर जेल भेज देंगे। मैंने कहा- इतनी बड़ी रकम की एकाएक व्यवस्था करना संभव नहीं है।

### पहली बार 14 लाख वसूला, तब जाकर छोड़ा

कारोबारी ने बताया- फिर दोनों दरोगाओं ने 20 लाख रुपए की डिमांड कर दी। मैंने अपने बहनोई नईम को फोन किया और रुपए लेकर आने के लिए कहा। थोड़ी देर बाद बहनोई अपने रिश्तेदार के साथ 14 लाख रुपए लेकर मौके पर पहुंचे। बैग दरोगाओं को थमा दिया।

# पेफोन मशीन के नाम पर ठगी

**किराना दुकानदार के खाते से 16 हजार रुपये उड़ाए**

अमन लेखनी समाचार



ग्रेटर नोएडा ,दनकौर कस्बे में एक किराना स्टोर संचालक साइबर ठगी का शिकार हो गए। पेफोन मशीन लगाने के बहाने उनके बैंक खाते से 16 हजार रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित ने शाम कोतवाली की साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है। अमेठी जिले के मूल निवासी सतीश दनकौर कस्बे में किराना स्टोर चलाते हैं। उन्होंने बताया कि तीन दिन पहले एक व्यक्ति उनकी दुकान पर आया और पेफोन मशीन लगाने का प्रस्ताव दिया। मशीन स्थापित करने की प्रक्रिया के दौरान आरोपी ने सतीश के बैंक खाते की जानकारी हासिल कर ली। इसके बाद आरोपी ने उनके खाते से कई किश्तों में कुल 16 हजार रुपये निकाल लिए ।सतीश को मोबाइल पर आए मैसेज से रकम कटने की जानकारी मिली। शुरूआत में उन्हें तकनीकी गड़बड़ी का संदेह हुआ, लेकिन बैंक जाकर पासबुक और खाते का विवरण चेक कराने पर धोखाधड़ी की पुष्टि हुई। घटना के बाद पीड़ित ने दनकौर कोतवाली पहुंचकर साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि शिकायत दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस संबंधित बैंक खातों और मोबाइल नंबरों की जानकारी जुटा रही है।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर ऑनलाइन टैक्सी चालक से मारपीट

## चार अज्ञात लोगों ने मोबाइल और नकदी लूटी, मामला दर्ज

अमन लेखनी समाचार

ग्रेटर नोएडा , जेवर क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर एक ऑनलाइन टैक्सी चालक से मारपीट कर मोबाइल और नकदी लूट की घटना सामने आई है। अज्ञात चार व्यक्तियों ने ऑनलाइन एप के माध्यम से कार बुक की थी। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। हरियाणा के थाना पल्ला के गांव सेहतपुर निवासी राकेश कुमार ने बताया कि रात उन्होंने अपनी अर्टिगा कार को दिल्ली के द्वारका मेट्रो स्टेशन से जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक ले जाने के लिए ऑनलाइन एप पर बुक किया था। कार में पहले व्यक्ति के साथ तीन अन्य लोग भी सवार हुए थे। चालक और ग्राहकों के बीच यह तय हुआ था कि कार केवल टोल प्लाजा तक जाएगी। सुबह करीब चार बजे यमुना एक्सप्रेसवे के साबौता इंटरचेंज के पास चारों व्यक्तियों ने चालक राकेश कुमार को ड्राइविंग सीट से उतरने को कहा। जब उन्होंने मना किया, तो उन पर हमला कर दिया गया। मारपीट के दौरान राकेश कुमार के सिर और चेहरे पर चोटें आईं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी दौरान उनका मोबाइल फोन और




लगभग पांच हजार रुपये भी चोरी हो गए। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि वाहन बुक करने वाले लोगों ने किशोरपुर गांव तक छोड़ने की मांग की थी

# डीएम मेधा रूपम ने बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाया

## ग्रेटर नोएडा में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम निरीक्षण के दौरान संवेदनशील पहल

अमन लेखनी समाचार



जेवर, ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा स्थित हेलीपैड पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण करते समय जिलाधिकारी मेधा रूपम ने एक महिला को अपने छोटे बच्चों के साथ काम करते देखा। बच्चों की स्थिति पर ध्यान देते हुए, जिलाधिकारी तुरंत उनके पास पहुंचीं। जिलाधिकारी ने पाया कि महिला निर्माण कार्य में लगी थी, जबकि बच्चे पास में बैठे थे। उन्होंने तत्काल बच्चों को कपड़े दिए और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि उनका नजदीकी विद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने जोर देकर कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और प्रशासन उनकी पढ़ाई का पूरा प्रबंध करे। मुख्यमंत्री के आगमन के मद्देनजर हेलीपैड और कार्यक्रम स्थल पर तैयारियां तेजी से चल रही हैं। जिलाधिकारी सुरक्षा, साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने स्वयं मौके पर मौजूद थीं।

# स्वच्छता के अग्रदूत थे संत गाडगे महाराज : वीरेंद्र यादव

## नागर में मनाई गई संत गाडगे जी की जयंती

अमन लेखनी समाचार



गरौठा ग्राम नागर में संत गाडगे महाराज की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत क्षेत्र ककरवई से प्रत्याशी वीरेंद्र कुमार यादव (वीरू नाटा) उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान अनुज द्विवेदी एवं मूलचंद दरोगा जी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता घासीराम ठेकेदार ने की। मुख्य अतिथि वीरेंद्र यादव ने अपने संबोधन में कहा कि संत गाडगे महाराज स्वच्छता के अग्रदूत थे। उनका जीवन अत्यंत सादगीपूर्ण रहा और उन्होंने देश में फैली असमानता, अंधविश्वास एवं छुआछूत का पुरजोर विरोध किया। उन्होंने सर्व समाज के लिए शिक्षा पर विशेष बल दिया और उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि अनुज द्विवेदी, वासु द्विवेदी, घासीराम ठेकेदार, लखनलाल अहिरवार सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। संचालन चिरंजीलाल निषाद ने किया तथा आभार शीतल श्रीवास ने व्यक्त किया। इस अवसर पर अमर सिंह, रामस्वरूप चौधरी, संतराम चौधरी, पन्नालाल श्रीवास, अरविंद श्रीवास, रामसहाय श्रीवास, उदल प्रसाद, कल्लू पाल, कैलाश नारायण श्रीवास, ठाकुरदास, बालवीर श्रीवास, देवीदयाल चौकीदार, रमेश महाराज, कालीचरण, विनोद कुमार श्रीवास, सुशील कुमार श्रीवास, बीडीसी भूपेंद्र, दीपक गुप्ता, असगर खान, रामनरेश, कामता प्रसाद, राम प्रताप सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सिंदुरिया में जल संकट पर ग्रामीणों का जल सत्याग्रह, हर घर नल योजना लागू करने की मांग




अमन लेखनी समाचार

चोपन/सोनभद्र। चोपन ब्लॉक के सिंदुरिया ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री हर घर नल योजना का लाभ न मिलने से नाराज ग्रामीणों ने सोन नदी में बैठकर एक दिवसीय जल सत्याग्रह किया। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण उन्हें दूषित सोन नदी का पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। कार्यक्रम का नेतृत्व सुरेंद्र कुमार यादव तथा आचार्य अजय पाठक संस्थापक, धनवंतरी पतंजलि योग संस्थान ने किया। उन्होंने कहा कि वर्षों पूर्व सर्वे और पाइपलाइन के नाम पर सड़क किनारे गड्ढे खोदे गए, लेकिन आज तक घरों में नल की टोटी नहीं लगी। पूर्व में अधिकारियों द्वारा 6-7 माह में कार्य पूर्ण कराने का आश्वासन भी दिया गया था, जो अब तक अधूरा है। ग्रामीणों की प्रमुख मांगों में हर घर नल योजना के तहत तत्काल टोटी लगवाना, बंद पड़े हैंडपंप व खराब बोरिंग की मरम्मत, बखड़उर बस्ती के प्राथमिक विद्यालय में नया बोरिंग तथा जल समस्या की अनदेखी करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई शामिल है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि 15 दिन के भीतर समस्या का समाधान न होने पर वे कमिश्नर कार्यालय तक पैदल मार्च कर भूख हड़ताल करेंगे। कार्यक्रम में मुन्नी लाल चेरो, सुरेंद्र यादव, मनीष, श्यामा, लालती सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने भ्रमणशील रहकर बूथों का किया निरीक्षण

**एस0आई0आर0 के आलेख्य निर्वाचक नामावलियों मतदाता सूची का हुआ चारों विधानसभा में वाचन।**

**भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में जनपद के विभिन्न मतदेय स्थलों पर बीएलओ द्वारा जनसामान्य बीएलए के समक्ष ड्राफ्ट सूची पढकर सुनाई गई।**



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस0आई0आर0) अभियान के अंतर्गत रविवार को जनपद के चारों विधानसभा क्षेत्र के मतदेय स्थलों पर बीएलओ द्वारा जनसामान्य, बीएलए के समक्ष ड्राफ्ट सूची पढकर सुनाई गई और मौके पर उपस्थित मतदाताओं को आगाह किया कि सुनाई जा रही सूची को ध्यान से सुनें, जिससे बूथ के सही मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जा सकें। जिला निर्वाचन अधिकारी बी0एन0 सिंह ने भ्रमण के दौरान निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दृष्टिगत विधानसभा रावर्टसगंज के राजा महेश इण्टर कालेज रावर्टसगंज के मतदेय स्थलों बूथ सं0 21,22,23,24,25,26 पर बी0एल0ओ0 द्वारा जनसामान्य व बी0एल0ए0 के समक्ष आलेख्य निर्वाचक नामावलियों को पढ़कर सुनाया गया। जनपद के समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में बीएलओ द्वारा अपने मतदेय स्थल पर मतदाता सूची पढ़कर सुनाया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा प्रत्येक मतदेय स्थल पर फार्म-6,7, 8 एवं घोषणा पत्र की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई। उक्त के साथ ही जिन मतदाताओं के नाम आलेख्य मतदाता सूची में नहीं हैं, उनसे फार्म-6 एवं घोषणा पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज संबंधित बीएलओ को उपलब्ध कराने के लिए अनुरोध किया गया। जनसामान्य के अवलोकन के लिए आलेख्य मतदाता सूची की पीडीएफ जनपद की वेबसाइट पर भी अपलोड की गई है। यदि उक्त मतदाता सूची में किसी निर्वाचक का नाम छूट गया है अथवा कोई संशोधन अपेक्षित है तो संबंधित मतदाता फार्म-6 मय घोषणा पत्र (नए मतदाताओं के लिए), फार्म-7 (मतदाता सूची से नाम अपमार्जन के लिए) एवं फार्म-8 (मतदाता सूची में प्रविष्टि में संशोधन अथवा स्थानान्तरण किए जाने के लिए) में पूर्ण विवरण भरकर एवं आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर बीएलओ को उपलब्ध करा दें।

खास समाचार

## कमला पसंद, केसर सहित अन्य गुटखा की अवैध तरीके से हो रही बिक्री :छापेमारी की हो कार्यवाही

अमन लेखनी समाचार

मल्लावां (हरदोई) कस्बे में अवैध रूप से पांच वाली कमला पसंद सात रुपए और केसर पांच रुपए की धड़ल्ले से बिक्री की जा रही है। छोटे व्यापारियों ने बताया कि कमला पसंद का पैकेट 250 का उन्हें मिल रहा है। अब सवाल उठता है कि जब पांच रुपए का मूल्य कमला पसंद का निर्धारित है तब निर्धारित मूल्य से आखिर दो रुपए ऊपर क्यों बिक्री की जा रही है। सूत्रों का हवाले से जानकारी है कि थोक व्यापारी मौके का फायदा उठाकर स्टॉक रखकर लाखों रुपए 15 दिन में कमा चुके है। ऐसे में जिलाधिकारी हरदोई अनुनय झा से ऐसे व्यापारियों के विरुद्ध अंकित मूल्य से ऊपर बिक्री करने पर अधिनियम के तहत छापे मारकर कार्यवाही करें।

## रवि यादव को मंडल संरक्षक व प्रवेश यादव को मंडल प्रभारी की दी गई जिम्मेदारी

### अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के मंडल अध्यक्ष प्रदीप टांडा की संस्तुति पर हुआ मनोनयन

अमन लेखनी समाचार

झांसी। अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा ने झांसी मंडल के लिए नए संरक्षक और प्रभारी की घोषणा की है। ग्राम बूढ़ा निवासी रवि पाल सिंह यादव एडवोकेट को झांसी मंडल संरक्षक और लहर गिर्द निवासी प्रवेश यादव को झांसी मंडल प्रभारी मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव टांडा की संस्तुति पर प्रदेश अध्यक्ष प्रवीन यादव द्वारा किया गया। इन नियुक्तियों पर विभिन्न पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया। इनमें जिलाध्यक्ष भवानी सिंह मिनी, जिला प्रभारी बलवान यादव भोजला, जिला संरक्षक सीताराम यादव डेली, मंडल महासचिव कुंज बिहारी यादव, मंडल उपाध्यक्ष श्याम जी यादव, मंडल प्रवक्ता डॉ. धर्मेंद्र यादव उड़ेना, मंडल सचिव राममिलन यादव कोटखेरा, तहसील अध्यक्ष गरौठा हेमंत यादव, जिला सचिव साहब सिंह यादव, डॉ. रामकुमार यादव, प्रेम सिंह यादव पार्लर, राहुल यादव तेंदोल, यदुवीर यादव विजयगढ़ और रामनरेश यादव परसा शामिल हैं।

## मांची पुलिस ने 140.760 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ 02 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध जनपद में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी सदर राज सोनकर के कुशल निर्देशन में थाना मांची पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई। दिनांक 21.02.2026 को थाना मांची की पुलिस टीम बांकी उर्स मेला के दृष्टिगत क्षेत्र में देखभाल, वारंटी/संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग के दौरान मांची मोड़ तिराहा, बहद ग्राम सुअरसोत पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान खलियारी की ओर से 02 मोटरसाइकिल चालक तेज गति से आते दिखाई दिए, जिन्होंने पुलिस टीम को देखकर हड़बड़ाहट में वाहन मोड़कर भागने का प्रयास किया। पुलिस बल द्वारा तत्परता एवं हिकमत अमली से दोनों व्यक्तियों को मौके पर पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर अभियुक्तगण 01. देवव्रत जायसवाल पुत्र दीनानाथ जायसवाल निवासी सुअरसोत खुर्द थाना मांची जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 25 वर्ष, 02. कपिल जायसवाल पुत्र रमाकांत जायसवाल निवासी सुअरसोत खुर्द थाना मांची जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 18 वर्ष के कब्जे से कुल 140.760 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना मांची जनपद सोनभद्र पर मु0अ0सं0 12/2026 धारा 60/63/72 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर अभियुक्तों को मा० न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

# पुलिस मुठभेड़ में एक गौ तस्कर घायल गिरफ्तार, दूसरा फरार

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जिले के करमा थाना क्षेत्र में पुलिस और गौ तस्करों के बीच मुठभेड़ हुई है। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में वांछित गौ तस्कर करन जायसवाल घायल होकर गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने मौके से अवैध तमंचा और कारतूस भी बरामद किए हैं घायल आरोपी को इलाज के लिए पुलिस अभिरक्षा में सीएचसी घोरावल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी पर पहले से गौ तस्करी, गैंगस्टर एक्ट और हत्या सहित कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। सोनभद्र के करमा थाना क्षेत्र में गौ तस्करों के खिलाफ बड़ी पुलिस कार्रवाई सामने आई है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने जुगनी जंगल इलाके में घेराबंदी की, जहां बाइक सवार तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ की जवाबी कार्रवाई की, जिसमें वांछित गौ तस्कर करन जायसवाल के पैर में गोली लगी और उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ के दौरान दूसरा आरोपी सहाबे आलम अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर, जिंदा और खोखा कारतूस बरामद किए हैं। घायल आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में सीएचसी घोरावल भेजा गया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक करन जायसवाल पर गौ तस्करी, गैंगस्टर एक्ट और हत्या समेत कई संगीन आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं जिले में गौ तस्करी के खिलाफ पुलिस का विशेष अभियान लगातार जारी है। राहुल पाण्डेय सीओ घोरावल, ने बताया की सूचना मिली थी कि वांछित गौ तस्कर जुगनी जंगल क्षेत्र में छिपा हुआ है। पुलिस टीम ने घेराबंदी की तो अभियुक्तों ने फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें करन जायसवाल घायल होकर गिरफ्तार हुआ है। एक अन्य आरोपी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# सिंदुरिया में जल संकट पर ग्रामीणों का जल सत्याग्रह, हर घर नल योजना लागू करने की मांग

अमन लेखनी समाचार



चोपन/सोनभद्र। चोपन ब्लॉक के सिंदुरिया ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री हर घर नल योजना का लाभ न मिलने से नाराज ग्रामीणों ने सोन नदी में बैठकर एक दिवसीय जल सत्याग्रह किया। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण उन्हें दूषित सोन नदी का पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। कार्यक्रम का नेतृत्व सुरेंद्र कुमार यादव तथा आचार्य अजय पाठक संस्थापक, धनवंतरी पतंजलि योग संस्थान ने किया। उन्होंने कहा कि वर्षों पूर्व सर्वे और पाइपलाइन के नाम पर सड़क किनारे गड्ढे खोदे गए, लेकिन आज तक घरों में नल की टोटी नहीं लगी। पूर्व में अधिकारियों द्वारा 6-7 माह में कार्य पूर्ण कराने का आश्वासन भी दिया गया था, जो अब तक अधूरा है। ग्रामीणों की प्रमुख मांगों में हर घर नल योजना के तहत तत्काल टोटी लगवाना, बंद पड़े हैंडपंप व खराब बोरिंग की मरम्मत, बखड़उर बस्ती के प्राथमिक विद्यालय में नया बोरिंग तथा जल समस्या की अनदेखी करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई शामिल है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि 15 दिन के भीतर समस्या का समाधान न होने पर वे कमिश्नर कार्यालय तक पैदल मार्च कर भूख हड़ताल करेंगे। कार्यक्रम में मुन्नी लाल चेरो, सुरेंद्र यादव, मनीष, श्यामा, लालती सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मेगाबृहद विधिक सहायता सेवा शिविर में प्रशासनिक विभागों द्वारा आमजन को सरकारी योजनाओं का दिया गया लाभ

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। उ0 प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिये गये दिशा-निर्देश में आज जनपद पंचायत रिसोर्स सेन्टर सोनभद्र विकास भवन में माननीय जनपद न्यायाधीश श्री राम सुलीन सिंह, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र द्वारा वृह्द मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान आलोक यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रमेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी, अनिल कुमार अपर पुलिस अधीक्षक, डॉ0 सुमन कुमार, सी0एम0ओ0, सलन बागे, एल0डी0एम0 बैंक, सौरभ श्रीवास्तव, भारतीय स्टेट बैंक, समस्त एल0ए0डी0सी0एस0 अधिवक्तागण, समस्त मध्यस्थ अधिवक्तागण, समस्त पराविधिक स्वयं सेवक/अधिकार मित्र एवं समस्त पैनल अधिवक्तागण सोनभद्र एवं कार्यक्रम में लगभग 750 लोग उपस्थित हुए तथा विभिन्न योजनाओं से संबंधित विभाग द्वारा बड़ी संख्या में चिन्हित करते हुए विभिन्न योजनाओं के तहत 192 लोगे को माननीय जनपद न्यायाधीश के द्वारा लाभान्वित किया गया। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र द्वारा बताया गया कि आमजन को राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने हेतु मेगा/वृह्द शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रतिभाग करने वाले अधिकारियों के द्वारा अपने विभाग में संचालित योजनाओं की आमजन को जानकारी प्रदान की गयी तथा माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा दिव्यांग कल्याण विभाग के तहत 05 लाभार्थियों को ट्राईसाइकिल, 02 लाभार्थियों को कान की मशीन, 02 लाभार्थियों को स्मार्ट केन, 01 लाभार्थियों को लैप्रोसी किट, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा 12 लाभार्थियों को छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र, कृषि विभाग द्वारा 08 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, जिला नगरीय विकास अभिकरण, सोनभद्र द्वारा 10 लाभार्थियों प्रमाण पत्र, दुग्ध शाला विकास विभाग द्वारा 05 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा, निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पान्सरशिप योजना के तहत 14 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा 08 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा 05 लाभार्थियों स्वीकृति पत्र, उपश्रमायुक्त विभाग द्वारा 07 लाभार्थियों को प्रस्सती पत्र, उपायुक्त उद्योग विभाग द्वारा 10 लाभार्थियों को चेक वितरण एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत 05 लाभार्थियों को राज्य मिस्त्री टूल किट वितरित किया गया, विभिन्न बैंकों द्वारा 12 लाभार्थियों को चेक वितरण, मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा, 05 लाभार्थियों को आयुषमान कार्ड वितरण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा टी0वी0 के मरीजो को पोषण पोटली, कुष्ठ रोगियों को इण्डियन रेड क्रास सोसाइटी शाखा सोनभद्र के द्वारा गोद लोकर पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया गया,

# 25 हजार का इनामिया बदमाश पैर में गोली लगने से घायल

**गोवध मामले में वांछित था आरोपी, खजूरी रेलवे अंडरपास के पास हुई घेराबंदी; तमंचा, बाइक और मोबाइल बरामद**

अमन लेखनी समाचार

दुद्धी (सोनभद्र)। दुद्धी कोतवाली क्षेत्र में पुलिस और 25 हजार के इनामिया बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। करीब चार बजे हुई इस कार्रवाई में पुलिस की जवाबी फायरिंग से आरोपी के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### गोवध मामले में दर्ज था मुकदमा, लंबे समय से फरार चल रहा था आरोपी

पुलिस के अनुसार एक जनवरी 2026 को गोवध से जुड़े मामले में दुद्धी कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के बाद से पुलिस आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही थी। जांच के दौरान विंढमगंज थाना क्षेत्र के घिवहीं गांव निवासी 22 वर्षीय सूरज चंद्रवंशी पुत्र उदय चंद्रवंशी का नाम प्रकाश में आया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक स्तर से सूरज चंद्रवंशी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। इसके बाद से वह फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही थी।

### मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने की घेराबंदी

रविवार की भोर करीब चार बजे कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि इनामिया आरोपी खजूरी गांव से अमवार जाने वाले मार्ग के पास मौजूद है और कहीं भागने की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हो गई। पुलिस ने खजूरी के रेलवे क्रॉसिंग अंडरपास के पास घेराबंदी कर ली। जैसे ही आरोपी ने पुलिस को देखा, उसने भागने का प्रयास किया। पुलिस के मुताबिक इसी दौरान आरोपी की ओर से फायरिंग की गई, जिसके जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लग गई और वह घायल होकर गिर पड़ा।

### मौके पर पहुंचे अधिकारी, अस्पताल भेजा गया घायल

मुठभेड़ की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार राय, कोतवाल धर्मेंद्र कुमार सिंह, एसएसआई कुँवर सिंह और कस्बा चौकी इंचार्ज हरिकेश राम आजाद समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। घायल आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी ले जाया गया। वहां से हालत को देखते हुए उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### तमंचा, बाइक और मोबाइल बरामद; फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

घटना के बाद फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने आरोपी के पास से एक तमंचा, एक बाइक और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी के खिलाफ पूर्व से भी गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

उसकी गिरफ्तारी से गोवध प्रकरण सहित अन्य मामलों में भी महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की उम्मीद है।

# इंडिया सीएसआर समिट में दुद्धी के महेशानंद भाई सम्मानित

अमन लेखनी समाचार



दुद्धी क्षेत्र के महेशानंद भाई को इस वर्ष इंडिया सीएसआर समिट में सम्मानित किया गया है। यह सम्मान पूरे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इंडिया सीएसआर समिट एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय मंच है, जहां देशभर के कॉरपोरेट प्रतिनिधियों, गैर सरकारी संगठनों और नीति निमार्ताओं को सामाजिक दायित्व (उरफ) तथा सामाजिक विकास पर विचार-विमर्श के लिए एकत्र किया जाता है। यह मंच जमीनी स्तर पर बदलाव लाने वाले व्यक्तित्वों को पहचान देता है। महेशानंद भाई का यह राष्ट्रीय सम्मान उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि के साथ-साथ दुद्धी की जनता, सामाजिक कार्यकताओं और विभिन्न संस्थाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। वे वर्षों से क्षेत्र में सामाजिक जागरूकता, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामुदायिक सहयोग के क्षेत्रों में सक्रिय रहे हैं। उनकी यह उपलब्धि दशार्ती है कि छोटे कस्बों से भी बड़े सामाजिक बदलाव संभव हैं। इंडिया सीएसआर समिट जैसे मंच पर सम्मानित होना महेशानंद भाई के कार्यों के राष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव को दशार्ता है। उन्होंने हमेशा कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (उरफ) के माध्यम से समाज के वंचित वर्गों तक विकास पहुंचाने को प्राथमिकता दी। उनके प्रयासों से कई सामाजिक अभियानों को गति मिली और युवाओं को सकारात्मक दिशा मिली। इस सम्मान की खबर मिलते ही दुद्धी क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। सामाजिक संगठनों, शिक्षकों, युवाओं और आम नागरिकों ने इसे पूरे क्षेत्र की उपलब्धि बताया। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह सम्मान आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का काम करेगा और क्षेत्र में सामाजिक कार्यों को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। सम्मान प्राप्त करने पर महेशानंद भाई ने क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने सामाजिक विकास के लिए भविष्य में भी निरंतर कार्य करते रहने का संकल्प दोहराया।

# चोपन उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का हुआ पुनर्गठन



**महफूज आरिफ अध्यक्ष, सुशील पांडेय महामंत्री और महेश अग्रवाल बने कोषाध्यक्ष**

अमन लेखनी समाचार

चोपन सोनभद्र। प्रदेश के बड़े व्यापारी संगठनों में शुमार उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल से संबद्ध चोपन उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक रविवार की शाम चोपन नगर के एक प्रतिष्ठान में श्री संजय जैन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में नये द्विवार्षिक सत्र हेतु सर्वसम्मति से महफूज आरिफ पप्पू भाई को अध्यक्ष, सुशील पाण्डेय को महामंत्री एवं महेश अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। निवर्तमान पदाधिकारियों ने नये पदाधिकारियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि एक माह के अन्दर व्यापक प्रचार प्रसार कर खुली बैठक में कार्यसमिति का पुनर्गठन किया जायेगा। व्यापारी हित की लड़ाई संगठन सदैव मजबूती से लड़ता रहेगा। बैठक में मुख्य रूप से माता प्रसाद पांडेय, अच्युत जायसवाल, विवेक तिवारी, लक्ष्मण सोनी, शशांक भाटिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। संचालन निवर्तमान महामंत्री अजय भाटिया ने किया।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# 'द केरल स्टोरी 2' पर भड़के अनुराग बोले- 'फिल्ममेकर लालची

मुंबई। विपुल अमृतलाल शाह और उनके बैनर 'सनशाइन पिक्चर्स' के सपोर्ट से बनी 'द केरल स्टोरी 2 – गोज बियॉन्ड' का ट्रेलर हाल ही में जारी किया गया, जिसे लेकर अब एक नया विवाद शुरू हो गया है। फिल्म के ट्रेलर में दिखाए गए कुछ सीन्स को लेकर कॉन्ट्रोवर्सी शुरू हो गई है, खासतौर पर बीफ वाले सीन को लेकर। इस विवाद पर अब बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक अनुराग कश्यप ने भी प्रतिक्रिया दी है और फिल्म की कड़े शब्दों में आलोचना की है। निर्देशक ने कहा कि 'द केरल स्टोरी पूरी तरह से बकवास है। ये पूरी तरह से प्रोपेगेंडा फिल्म है। मुझे नहीं पता कि इस फिल्म का क्या इरादा है।

लाइफ Style

# सामंथा काम पर की वापसी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ इंडियन फिल्मों की सबसे पॉपुलर एक्ट्रेसेज में से एक सामंथा रुथ प्रभु, बीते कई दिनों से अपनी शादी को लेकर चर्चा में थीं। शादी के बाद वो अपने पति राज निदिमोरु के साथ समय बिता रही हैं।

शादी के बाद और पति संद क्वालिटी टाइम बिताने के बाद एक्ट्रेस ने काम पर भी वापसी कर ली है। सामंथा की शादी के बाद पहली फिल्म रिलीज के लिए तैयार है। एक्ट्रेस ने खुद नया पोस्टर शेयर कर ये न्यूज फैंस को बताई है। सामंथा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं, हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी आगामी फिल्म 'मा इंटी बंगाराम' का एक नया पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर के साथ उन्होंने फिल्म की रिलीज की तारीख भी अनाउंस कर दी है। ये फिल्म सिनेमाघरों में 15 मई को रिलीज होने वाली है। फिल्म के पोस्टर में सामंथा का साइड फेस दिख रहा है वो एक दीवार के पीछे से झांकती हुई दिख रही हैं। इसे शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने पोस्टर में लिखा, 'इस गर्मी में थिएटर में मिलते हैं। सामंथा को दोबारा स्क्रीन पर देखने के लिए उनके फैंस काफी एक्साइटेड हैं। जैसे ही एक्ट्रेस ने फिल्म का पोस्टर और रिलीज की तारीख का ऐलान किया इस पोस्ट पर लोगों के कमेंट्स आना भी शुरू हो गए। कई यूजर्स ने लिखा कि वो इस फिल्म के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकते। तो कई लोगों ने लिखा कि आज की सबसे बेस्ट न्यूज है। इस फिल्म के निर्माता सामंथा के पति राज निदिमोरु हैं।




हॉलीवुड मसाला



# लॉस एंजेलिस में स्पॉट हुईं केंडल

लॉस एंजेलिस। अमेरिकी सुपरमॉडल और रियलिटी टीवी स्टार केंडल जेनर एक बार फिर अपने स्टाइलिश लुक को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उन्हें लॉस एंजेलिस में स्पॉट किया गया, जहां उनका स्पोर्टी और चिक अंदाज देखने को मिला। इस दौरान की उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो 30 वर्षीय केंडल जेनर ने इस दौरान व्हाइट कलर की स्पोर्ट्स ब्रा और मैचिंग लाउंज पैंट पहनी। उन्होंने पैंट की इलास्टिक कमर को थोड़ा मोड़कर पहना, जिससे उनका फिट फिगर और एब्स साफ नजर आ रहे थे।



# किम ने किए फेमस कर्व्स फ्लॉन्ट...

लॉस एंजेलिस। एक्ट्रेस किम कार्दशियन अपने स्टनिंग और स्टाइलिश लुक्स से कभी भी लोगों को इम्प्रेस करने से नहीं चूकतीं। हाल ही में उन्होंने यूरोप के एक ट्रिप के बाद अमेरिका लौटते हुए अपने फेमस कर्व्स फ्लॉन्ट किए। इस दौरान किम अपने लुक और स्टाइल से फैंस का खूब दिल जीतती आईं। उनकी ये तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। होमटाउन कैलाबासस लौटने पर किम कार्दशियन का अंदाज किसी रनवे मॉडल से कम नहीं था। उन्होंने ब्लैक लेदर आउटफिट पहना, जिसमें एक छोटा सा टॉप और उसके ऊपर लेदर कोट शामिल था। इस लुक में किम ने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया।



# टिस्का ने शेयर की मजेदार पोस्ट...

मुंबई। अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वे जिंदगी के कुछ खास पलों की यादें फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। उन्होंने कुछ ऐसा ही करते हुए एक मजेदार पोस्ट शेयर किया। अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि आराम और काम के बीच संतुलन बनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने लिखा, "घर से काम करना सुनने में बहुत अच्छा लगता है, लेकिन जब दो लेखक एक ही डाइनिंग टेबल पर काम करें तो मुश्किल हो जाता है। मुझे समझ आया है कि घर में साफ सीमाएं होना बहुत जरूरी है, ऐसी जगह जहां आप ध्यान से काम कर सकें, समय पर काम खत्म करें, और फिर सुकून से घर जैसा महसूस कर सकें। काम काम की जगह रहे और घर, घर जैसा ही रहे।"



# सोशल मीडिया बैन के सपोर्ट में उतरे...

मुंबई। सोशल मीडिया के गलत इस्तेमाल और एआई के बढ़ते चलन से बच्चों पर पड़ रहे नकारात्मक असर की चपेट में बच्चे जल्दी आते हैं, जिसका असर उनके मानसिक स्वास्थ्य, पढ़ाई और व्यक्तित्व पर पड़ता है। कुणाल कपूर ने बच्चों के सोशल मीडिया एक्सेस पर रोक लगाने का सपोर्ट किया। उन्होंने कहा कि यह कदम 'एंटी-टेक्नोलॉजी' नहीं बल्कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए है। कुणाल का कहना है कि सोशल मीडिया के एल्गोरिदम इस तरह बनाए जाते हैं कि बच्चे घंटों स्क्रॉल करते रहें, जिससे उनकी एकाग्रता, नींद और भावनात्मक स्वास्थ्य प्रभावित होता है। कुणाल ने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक खबर शेयर की, जिसमें लिखा था कि 140 करोड़ की आबादी वाले भारत में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर बैन लगाने पर सरकार विचार कर रही है।

टीवी मसाला

# 'बींदणी' एक नया और चुनौतीपूर्ण सफर: कुशाग्र

मुंबई। टीवी इंडस्ट्री में हर शो में कुछ किरदार ऐसे होते हैं जो दर्शकों का दिल तुरंत जीत लेते हैं, तो कुछ किरदार ऐसे भी होते हैं जो दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर देते हैं। ऐसा ही एक किरदार अभिनेता कुशाग्र दुआ सन नियो पर प्रसारित होने वाले शो 'प्रथाओं की ओढ़े चुनरीः बींदणी' में निभा रहे हैं, जो एक ग्रे शेड रोल है। कुशाग्र दुआ ने बताया कि उन्हें यह शो और किरदार मिलना उनके लिए एक नई जर्नी जैसा है। उन्होंने कहा, 'शो में मैं 'गर्व' नाम के लड़के का किरदार निभा रहा हूं, जो अपनी बुआ, फूफा और उनके बच्चों के साथ रहत है। गर्व की जिंदगी में सबसे बड़ा खालीपन उसके माता-पिता का न होना है। इसी कमी ने उसके भीतर गहरा दर्द और गुस्सा भर दिया है।' कुशाग्र ने बताया, 'यही दर्द धीरे-धीरे गर्व को कठोर बना देता है और वह लड़कियों से नफरत करने लगता है। उसे प्यार जैसी भावना पर बिल्कुल भरोसा नहीं है और वह उन लड़कों से भी चिढ़ता है जो प्यार में पड़कर अपना सब कुछ दांव पर लगा देते हैं। गर्व को लगता है कि प्यार के नाम पर लोग जो कुर्बानियां देते हैं, वह सच्चा प्यार नहीं बल्कि मजबूरी और दिखावा है।



# रजनीकांत की जेलर में होगी शाहरुख खान की एंट्री!

मुंबई। साउथ सिनेमा में इन दिनों लगातार बड़े एक्टर्स की धमाकेदार फिल्में रिलीज हो रही हैं। इन दिनों यश की टॉक्सिक चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में फिल्म का टीजर आया था, जो कि यूट्यूब पर खूब धमाल मचा रहा है। वहीं, अब रजनीकांत की जेलर 2 को लेकर भी अपडेट सामने आया है। इस फिल्म का ही दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसके अलावा ये भी बताया जा रहा है कि रजनीकांत की जेलर 2 में शाहरुख खान भी नजर आने वाले हैं।

दरअसल, शाहरुख खान इस साल बड़े पर्दे पर फिल्म किंग से वापसी करने वाले है, जिसमें उनकी बेटी सुहाना खान और एक्टर अभिषेक बच्चन नजर आएंगे। हालांकि वह किंग के अलावा रजनीकांत की जेलर 2 में भी दिखाई देंगे। रिपोर्ट के मुताबिक शाहरुख खान जेलर 2 में कैमियो रोल में नजर आएंगे। रिपोर्ट्स में ये भी बताया गया है कि शाहरुख खान जल्द ही जेलर 2 की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। एक्टर इस फिल्म के लिए 7 से 8 दिनों तक शूट करेंगे। बताया जा रहा है कि शाहरुख खान मार्च 2026 में जेलर 2 के सेट पर पहुंच कर अपनी शूटिंग करेंगे। क्योंकि फिल्म का सिर्फ एक हिस्सा शूट होने के लिए बचा है और इस मूवी की लगभग शूटिंग पूरी हो चुकी है। हालांकि शाहरुख खान को लेकर अभी भी मेकर्स ने कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है।



# 'ड्रैगन' के एक साल पूरे, कयादू ने जताया आभार

मुंबई। साउथ सिनेमा अक्सर अपनी फिल्मों के जरिए दर्शकों का दिल जीतने में कोई कमी नहीं छोड़ता है। उनकी फिल्मों की स्टोरीलाइन और कलाकारों का काम दर्शकों को बहुत आकर्षित करता है। इसी कड़ी में तमिल सिनेमा की रोमांटिक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'ड्रैगन' एक ऐसी फिल्म थी, जिसने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई थी। फिल्म के एक साल पूरे होने पर अभिनेत्री कयादू ने इंस्टाग्राम पर खुशी जाहिर की।

उन्होंने फिल्म के सेट से कुछ पुरानी तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने लिखा, ड्रैगन को रिलीज हुए 1 साल पूरा हो गया है। यही वो सफर है, जहां से सब कुछ शुरू हुआ था। मुझे अपने दिल में जगह देने और इतने प्यार से अपनाने के लिए आप सभी का धन्यवाद। पल्लवी हमेशा मेरे लिए खास रहेगी। बहुत-बहुत धन्यवाद और ढेर सारी बधाई। फिल्म को दर्शकों ने काफी सराहा था। वहीं, अभिनेत्री कयादू लोहार के लिए यह फिल्म उनके करियर का बड़ा ब्रेक साबित हुई थी।

तमिल सिनेमा में उनका डेब्यू इसी फिल्म से हुआ था। अश्वथ मरिमुथु द्वारा निर्देशित इस रोमांटिक कॉमेडी में प्रदीप रंगनाथन लीड रोल में थे और कयादू लोहार और अनुपमा परमेश्वरन भी अहम रोल में नजर आए थे।



यह फिल्म राघवन की कहानी है, जिसका स्कूल में ब्रेकअप हो जाता है। दिल टूटने के कारण वह पढ़ाई छोड़कर प्यार और ताकत की कमी को पूरा करने के लिए वित्तीय धोखाधड़ी की खतरनाक दुनिया में उतर जाता है। फिर, धीरे-धीरे वह अपने नियंत्रण से बाहर हो जाता है।

# ब्रॉयफ्रेंड संग लंदन की घूम रहीं कृति!

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन अक्सर ही अपनी प्रोफेशनल लाइफ को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस की पिछली फिल्म तेरे इश्क में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही है। इसके बाद इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी काफी पसंद किया गया है। इन सभी के बीच कृति ने कबीर बहिया के साथ अपनी डेटिंग की खबरों को हवा दे दी है। एक्ट्रेस का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ नजर आ रही हैं। दरअसल, कृति सेनन अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के हाथों में हाथ डाले हुए लंदन की सड़कों पर घूमते हुए नजर आ रही हैं, जिसके बाद दोनों की डेटिंग की अफवाहें तेज हो गई हैं। यह वीडियो रेडिट पर शेयर किया गया है, जिसमें कृति ब्राउन जैकेट, ब्राउन टॉप और हल्के नीले रंग की जींस पहने हुए नजर आ रही हैं और कबीर ऑल ब्लू को-ऑर्ड पैंट के साथ स्वेटशर्ट में दिख रहे हैं। इस दौरान दोनों ही बातें करते हुए और हाथों में हाथ डाले हुए दिख रहे हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद लोग भी अलग अलग तरह से अपना रिएक्शन दे रहे हैं। बता दें कि यह पहली बार नहीं है जब इस तरह से कृति को कबीर के साथ देखा गया है। इससे पहले भी कई बार दोनों साथ दिखे हैं। बीते दिनों कबीर को कृति सेनन की छोटी बहन नुपुर सेनन की शादी में देखा गया था।



बॉक्स ऑफिस पर मचा दिया था कोहराम

# फिल्मफेयर पुरस्कार में छाई 'पुष्पा 2', झोली में गिरे सबसे ज्यादा अवॉर्ड

*मुंबई। साल 2024 में अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' ने रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर कोहराम मचा दिया था। फिल्म ने भारत समेत वैश्विक स्तर पर कमाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले। अब फिल्म दक्षिण सिनेमा के 70वें फिल्मफेयर पुरस्कार में भी छा चुकी है। अभिनेता और उनकी फिल्म ने एक नहीं, बल्कि कई अवॉर्ड्स अपने नाम किए है। तकरीबन 500 करोड़ के बजट में बनी फिल्म की झोली में सबसे ज्यादा अवॉर्ड आए हैं। अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' ने दक्षिण सिनेमा के 70वें फिल्मफेयर पुरस्कार समारोह में सबसे ज्यादा अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। तेलुगु भाषा की बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड 'पुष्पा 2' को मिला है। सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का अवॉर्ड 'पुष्पा 2' के निर्देशक सुकुमार ने अपने नाम किया। इसके साथ बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड अल्लू अर्जुन को फिल्म 'पुष्पा 2' के लिए ही मिला है।*



### सर्वश्रेष्ठ संगीत एल्बम का अवॉर्ड मिला

इसके अलावा, सर्वश्रेष्ठ संगीत एल्बम का अवॉर्ड 'पुष्पा 2' के लिए ही देवी श्री प्रसाद को मिला है। बेस्ट प्रोडक्शन डिजाइन का खिताब भी फिल्म पुष्पा-2 के लिए सेट डिजाइनर रामकृष्ण और मोनिका को मिला है। कुल मिलाकर फिल्म के खाते में 5 अवॉर्ड आए हैं। 70वें फिल्मफेयर पुरस्कार में किसी दूसरी फिल्म को अलग-अलग कैटेगरी में इतने अवॉड्र्स नहीं मिले हैं।

### वैश्विक स्तर पर किया था 1800 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन

साल 2024 में रिलीज हुई अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा-2' ने बॉक्स ऑफिस पर बंपर कमाई की। फिल्म ने वैश्विक स्तर पर 1800 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया, जबकि भारत में फिल्म सभी भाषाओं में लगभग 1400 करोड़ कमा चुकी है। इसमें हिंदी बेल्ट का बड़ा योगदान रहा था। फिल्म ने पहले ही दिन 'आरआरआर' और 'केजीएफ' को भी कमाई में पीछे छोड़ दिया था। पहले दिन के ओपनिंग कलेक्शन की बात करें तो 'आरआरआर' ने 133 करोड़ और 'केजीएफ' ने 116 करोड़ का कलेक्शन किया था, लेकिन 'पुष्पा-2' ने पहले ही दिन लगभग 163 करोड़ का कलेक्शन किया, जो दोनों ही फिल्मों से बहुत ज्यादा है।